मंगलवार, 29 जुलाई 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 31 |
| आर्द्रता | 94% |
| सूर्योदय: 5:07 | सूर्यास्त: 18:19 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा



दिव्या देशमुख ने महिला विश्व कप फाइनल में हम्पी को हराया, ग्रैंडमास्टर बनीं पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : इस दुनिया से, प्रकृति से हम उतना ही ले पाते हैं, जितने के हम पात्र हैं।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ऑपरेशन महादेव: पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा समेत तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर :** भारतीय सेना के हाथ बड़ी सफलता लगी है। सुरक्षाबलों ने पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर हाशिम मूसा समेत तीन आतंकियों को मार गिराया है। हाशिम मूसा को न सिर्फ पहलगाम हमले का साजिशकर्ता माना जाता था, बल्कि वह सोनमर्ग टनल हमले का भी जिम्मेदार था। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सेना ने इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन महादेव' का नाम दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के



बाद सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाश अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई।



दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे और भारत तथा पाकिस्तान एक पूर्ण युद्ध के कगार पर पहुंच गए थे। पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुलेमान और दो अन्य के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान एक एम4 और एके-47 राइफल, ग्रेनेड और अन्य हथियार और गोला-बारुद भी बरामद किया है।

## पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'निसार' 30 जुलाई को प्रक्षेपित किया जाएगा: इसरो अध्यक्ष



**चेन्नई :** पृथ्वी का अवलोकन करने वाले उपग्रह 'नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार' (निसार) को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के माध्यम से 30 जुलाई को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने यह जानकारी दी। 'निसार' का वजन 2,392 किलोग्राम है। यह पृथ्वी का अवलोकन करने वाला उपग्रह है। यह ऐसा पहला उपग्रह है, जो दोहरे आवृत्ति सिंथेटिक अपर्चर रडार (नासा का एल-बैंड और इसरो का एस-बैंड) के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, ऐसा पहली बार होगा जब यह उपग्रह 'स्वीप एसएआर' प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए 242 किलोमीटर के दायरे और उच्च स्थानिक विभेदन क्षमता के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा। किसी तस्वीर के संबंध में उच्च स्थानिक विभेदन क्षमता का उपयोग होता है, जिसमें तस्वीर में बारीक से बारीक विवरण को साफ-साफ देखा जा सकता है।

## बिहार : सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से किया इनकार

### आधार औंर वोटर आईडी कार्ड पर विचार करने का किया आग्रह

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर हमेशा के लिये अंतिम निर्णय लेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि वह 29 जुलाई को इस मामले की अंतिम सुनवाई की समय-सारणी तय करेगी। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मतदाता सूची को अस्थायी तौर पर अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए और मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर अंतरिम रोक लगनी चाहिए। पीठ ने न्यायालय के पिछले आदेश पर गौर किया, जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत के लिए अनुरोध नहीं कर रहे थे। पीठ ने कहा कि इसलिए अब ऐसा नहीं किया जा सकता तथा मामले का स्थायी निपटारा किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से कहा कि वह उसके (शीर्ष अदालत के) पहले के आदेश का अनुपालन करते हुए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के लिए आधार और मतदाता पहचान पत्र को स्वीकार करना जारी रखे। न्यायालय ने कहा कि दोनों दस्तावेजों के प्रामाणिक होने की धारणा है। न्यायालय ने कहा कि वह प्रारंभिक रूप से शीर्ष अदालत के आदेश से सहमत है और निर्वाचन आयोग ने अपने जवाबी हलफनामे में माना है कि आधार, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को स्वीकार किये जाने की आवश्यकता है।

## भाजपा की विस्तारित शाखा के रूप में काम कर रहा है चुनाव आयोग : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार में मतदाता सूची के हाल ही में संपन्न विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का जिक्र करते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि यह बहुत शर्म की बात है कि आयोग हर चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने में मदद करने के लिए उसकी विस्तारित शाखा के रूप में काम कर रहा है। कोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर मीडिया कर्मियों से अभिषेक ने कहा कि यह देश में सत्तारूढ़ दल को वोट लूटने में मदद कर रहा है। बड़ी संख्या में लोगों से मतदान के अधिकार छीने जा रहे हैं। यहां तक कि फर्जी मतदाता पहचान पत्र भी जारी किए गए हैं। एसआइआर कराने के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। हमने 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों में ऐसा होते देखा है जब केंद्रीय बल के जवानों ने कूचबिहार जिले के सीतलकुची में चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बंगाल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मुसलमानों और रोहिंग्याओं के आरोपों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए, बनर्जी ने कहा कि घुसपैठ रोकना केंद्रीय गृह मंत्रालय और बीएसएफ की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर मैं इस बात से सहमत भी हूं कि ये लोग अवैध रूप से देश में घुस आए हैं, तो फिर उनके प्रवेश को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कौन तैनात है? अगर देश की सुरक्षा से समझौता होता है, तो केंद्रीय गृह मंत्री, बीएसएफ महानिदेशक और आइबी निदेशक को इस्तीफा दे देना चाहिए।

## सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान लोगों को परेशान न किया जाए : ममता



देशभर में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित हमलों के विरोध में ममता ने बोलपुर से 'आंदोलन' शुरू किया

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर लोगों को परेशान न किया जाए। उन्होंने भाजपाऔर निर्वाचन आयोग पर मतदाता सूची में सुधार की आड़ में बांग्ला भाषी प्रवासियों, अल्पसंख्यकों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गरीबों को निशाना बनाकर वैध मतदाताओं को हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। ममता ने बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित गीतांजलि स्टेडियम में प्रशासनिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच निर्वाचन आयोग पर हमला बोला। ममता ने बैठक में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) से कहा कि निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद ही कार्यभार संभालता है। तब तक, और उसके बाद भी, प्रशासनिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही रहेगी। आप राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि लंबे समय से मतदाता रहे किसी भी व्यक्ति का नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से न हटाया जाए। उन्होंने कहा कि मान लीजिए कोई लड़का चार दिनों की छुट्टी पर जाता है, तो क्या आप उसका नाम हटा देंगे? क्या यह उचित है? इस राज्य में ऐसे लोग हैं, जो वर्षों से मतदाता हैं। सिर्फ इसलिए कि कोई कुछ दिनों के लिए अनुपस्थित है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप उसका नाम काट दें। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बिहार में जारी प्रक्रिया पश्चिम बंगाल में भी दोहरायी जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बांग्ला भाषी लोगों और अन्य जिन्हें 'अवांछनीय' माना जाता है,को बाहर करने के लिए एक जानबूझकर, राजनीति से प्रेरित कार्रवाई है। ममता ने कहा कि सिर्फ धार्मिक अल्पसंख्यक ही नहीं, बल्कि गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग भी उनके (भाजपा) निशाने पर हैं। हमें सभी उत्पीड़ित बंगाली प्रवासियों के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि उत्पीड़न की वजह से दूसरे राज्यों से लौट कर आने वाले बंगाली प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए एक राज्य-संचालित योजना बनाई गई है। ममता ने कहा कि योजना में सुरक्षित वापस लौटने में ऐसे लोगों की मदद करने, राशन और जॉब कार्ड जारी करने तथा जिनके पास रहने की जगह नहीं है, उन्हें अस्थायी आश्रय प्रदान करने के प्रावधान शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर नौकरी पाने के लिए एजेंटों या दलालों पर निर्भर रहने की कोई जरूरत नहीं है। जब उन्हें दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो ये एजेंट कहीं नजर नहीं आते। मुख्यमंत्री के मुताबिक, बंगाल के लगभग 22 लाख लोग वर्तमान में अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामला : अदालत आज आरोपपत्र के संज्ञान पर आदेश सुना सकती है

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र के संज्ञान के पहलू पर मंगलवार को अपना आदेश सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने इस मामले में 15 जुलाई को दोनों पक्षों की ओर से संज्ञान के पहलू पर दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत दो जुलाई से प्रतिदिन आधार पर ईडी और प्रस्तावित आरोपियों की ओर से संज्ञान के बिंदु पर दलीलें सुन रही थी। ईडी ने कांग्रेस नेताओं, पार्टी के दिवंगत नेताओं मोतीलाल वोरा और ऑस्कर



फर्नांडीस के साथ-साथ सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। इस संबंध में नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के कथित धोखाधड़ीपूर्ण अधिग्रहण को लेकर यह मामला दर्ज किया गया था।

## न्यायालय ने बांके बिहारी मंदिर समिति से कहा, पता करें कि सरकारों ने कितने मंदिरों को अपने अधिकार में लिया है

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मथुरा स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर की प्रबंधन समिति से कहा कि वह पता करे कि भारत में कितने मंदिरों का प्रशासनिक नियंत्रण सरकारों ने कानूनों के जरिये अपने हाथ में ले लिया है। शीर्ष अदालत ने प्रबंधन समिति की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा, ''सरकार ने, राज्य ने, कितने सैकड़ों मंदिरों का नियंत्रण अपने हाथ में लिया है? उन्हें जो भी दान मिल रहा हो... बेहतर होगा कि आप वहां जाएं और पता करें।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसे उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 के खिलाफ दायर किया गया है। मथुरा स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति की ओर से अधिवक्ता तन्वी दुबे के जरिये दायर याचिका में इस अध्यादेश को चुनौती दी गई है जिसमें मंदिर के प्रशासन का नियंत्रण राज्य सरकार को सौंप दिया गया है। जब उसे सूचित किया गया कि मंदिर से संबंधित एक अन्य आवेदन एक अलग पीठ के समक्ष लंबित है, तो शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों मामलों को एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के लिए भारत के प्रधान न्यायाधीश के आदेश की आवश्यकता है। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बजाय सीधे शीर्ष अदालत क्यों गए। सिब्बल ने विवाद की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि राज्य सरकार एक निजी धार्मिक संस्थान का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत ने हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार को एक कॉरिडोर (गलियारा) परियोजना के पुनर्विकास के लिए मंदिर निधि के 300 करोड़ रुपये का उपयोग करने की अनुमति दी है, इस फैसले को वर्तमान में चुनौती दी जा रही है।




### लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- हमने मां-बहनों का बदला लिया

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की शुरुआत करते हुए कहा कि मैं उन बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमला हुआ। हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए मां-बहनों का बदला लिया। ऑपरेशन सिंदूर से पहले हर पहलू पर ध्यान दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए।

**दबाव में रोका गया, यह कहना गलत**

लोकसभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि यह कहना गलत है कि किसी दबाव में ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया था। रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे



सशस्त्र बलों द्वारा किए गए समन्वित हमलों ने 9 आतंकवादी बुनियादी ढांचे के लक्ष्यों को सटीकता से मारा। इस सैन्य अभियान में, यह अनुमान है कि 100 से अधिक आतंकवादी, उनके प्रशिक्षक, हैंडलर और सहयोगी मारे गए। इनमें से अधिकांश जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकवादी संगठनों से जुड़े थे। पूरा ऑपरेशन 22 मिनट के अंदर पूरा कर लिया गया।

**कार्रवाई पूरी तरह से आत्मरक्षा में थी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारी कार्रवाई पूरी तरह से आत्मरक्षा में थी, न तो उकसावे वाली थी और न ही विस्तारवादी। फिर भी 10 मई को लगभग 1:30 बजे पाकिस्तान ने मिसाइलों, ड्रोन, रॉकेट और अन्य लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करके भारत पर बड़े पैमाने पर हमला किया। उन्होंने कहा, ड-400, आकाश मिसाइल प्रणाली, वायु रक्षा बंदूकें बहुत उपयोगी साबित हुईं और पाकिस्तान के इस हमले को पूरी तरह से विफल कर दिया।

**हमारी सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य थी: रक्षा मंत्री**

राजनाथ सिंह ने आगे कहा, ...भारत ने अपनी कार्रवाई रोक दी, क्योंकि पूर्वनिर्धारित राजनीतिक और सैन्य उद्देश्य पूरे हो गए थे। यह कहना कि किसी दबाव में यह ऑपरेशन रोका गया, निराधार और बिल्कुल गलत है... अपने राजनीतिक जीवन में मैंने हमेशा झूठ न बोलने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि हमारी वायु रक्षा प्रणाली, काउंटर-ड्रोन प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने पाकिस्तान के इस हमले को पूरी तरह से विफल कर दिया। पाकिस्तान हमारे किसी भी लक्ष्य को भेद नहीं सका और हमारी किसी भी महत्वपूर्ण संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। हमारी सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य थी और हर हमले को विफल कर दिया गया।

## छात्र जीवन संकट सिस्टम की नाकामी

निस्संदेह, किसी छात्र की आत्महत्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की संस्थागत विफलता ही है। यदि शिक्षा व्यवस्था सतर्क-संवेदनशील रहे तो इन संभावनाओं को असमय काल-कवलित होने से बचा सकते हैं। आंध्रप्रदेश की एक 17 वर्षीय नीट छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर मार्गदर्शक टिप्पणियां की हैं। छात्रों का जीवन बचाने हेतु इस सुप्रीम गाइडलाइंस में पीठ ने देशभर के स्कूल, कालेजों और कोचिंग संस्थानों के लिये गाइडलाइंस जारी की। दरअसल, न्यायाधीश वर्ष 2022 के लिए एनसीआरबी की उस रिपोर्ट से व्यथित थे, जिसमें दर्शाया गया कि इस साल आत्महत्या करने वाले 1,70,924 लोगों में 13,044 छात्र भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का मकसद जानकारी देना ही नहीं है, इसका उद्देश्य जीवन जीने की कला सिखाना भी है। निस्संदेह, शिक्षा का मकसद छात्रों का बौद्धिक, भावनात्मक, नैतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति होना चाहिए। कोर्ट का मानना था कि शिक्षण संस्थाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकताएं बनाएं। यह भी कि मानसिक स्वास्थ्य, अनुच्छेद 21 के तहत मिले जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है। पीठ ने देश के सभी शिक्षण संस्थानों के लिये पंद्रह दिशा-निर्देश तय किए हैं, जो इस बाबत कानून बनाने तक ये गाइडलाइंस बाध्यकारी होंगी।

नि:संदेह, सुप्रीमकोर्ट पीठ के ये दिशा-निर्देश उपचारक साबित हो सकते हैं। इसमें प्रत्येक शिक्षण संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य नीति बनाने और विशेषज्ञ नियुक्त करने के निर्देश हैं। राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति व कार्यक्रमों को इस नीति में शामिल करना होगा। साथ ही जहां सौ से अधिक छात्र हों, वहां मनोवैज्ञानिक व काउंसलर नियुक्त करने होंगे। छात्रों में हीन भावना न आए, इसलिये कोचिंग संस्थान शैक्षिक प्रदर्शन के आधार पर कोई बैच न बनाएं। शिक्षकों व स्टाफ को वर्ष में दो बार छात्रों में आत्महत्या के संकेत पकड़ने व मानसिक स्वास्थ्य के बाबत प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। सुनिश्चित हो कि समाज के कमजोर वर्ग के छात्रों व शारीरिक अपूर्णता से जूझ रहे छात्रों के साथ किसी तरह का भेदभाव न होने पाए। शिक्षण संस्थान व कोचिंग के परिसर में रैगिंग, यौन उत्पीड़न तथा किसी तरह के भेदभाव से निपटने के लिये समिति बने। साथ ही पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा अभिभावकों को सचेत किया जाए कि वे छात्रों पर अंकों का दबाव न बनाएं और मानसिक तनाव के प्रति संवेदनशील रहें। संस्थान सालाना आधार पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट हर साल यूजीसी को दें। इसके साथ ही खेल, कला व व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम का हिस्सा हो। सतर्कता हेतु हॉस्टलों को सुरक्षित बनाने तथा छत, बालकनी, पंखे जैसे स्थानों पर सेफ्टी डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निस्संदेह, इन निर्देशों के अनुपालन से कई अनमोल जिंदगियां बचायी जा सकती हैं।

### 'अगर मैं न होता, तो पाकिस्तान से युद्ध कर रहा होता भारत': ट्रंप का दावा

**लंदन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर दावा किया कि यदि उन्होंने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया होता और सभी व्यापार वार्ता रोकने की धमकी नहीं दी होती, तो भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ गया होता। ट्रंप ने स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ आधिकारिक वार्ता से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने दुनिया भर में छह बड़े युद्ध को रोकने में हस्तक्षेप किया, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध भी शामिल है। वह गाजा में संघर्ष समाप्त करने के लिए इजराइल पर दबाव डालने के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। स्कॉटलैंड के साउथ आयरशायर स्थित अपने टर्नबेरी गोल्फ रिसॉर्ट से मीडिया को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, ''हमने कई युद्धविराम करवाए... अगर मैं नहीं होता, तो छह बड़े युद्ध चल रहे होते - भारत पाकिस्तान के साथ लड़ रहा होता। ट्रंप ने कहा, ''हमारे पास कई ऐसे तनावपूर्ण क्षेत्र हैं जो युद्ध की स्थिति में थे। मेरा मानना है कि एक बहुत बड़ा मामला भारत और पाकिस्तान का था क्योंकि आप दो परमाणु राष्ट्रों की बात कर रहे हैं। वह एक बहुत बड़ा मामला था। ट्रंप शुक्रवार से स्कॉटलैंड की निजी यात्रा पर हैं। ट्रंप ने कहा, मैं पाकिस्तान और भारत - दोनों देशों के नेताओं को जानता हूं और बहुत अच्छी तरह जानता हूं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता** : 29 जुलाई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण शुक्लपक्ष पंचमी, 24:48 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 19:26 तक, योग : शिव, 26:57 तक, सूर्योदय: 5:07, सूर्यास्त: 18:19, चन्द्रोदय : 09:03, चन्द्रास्त: 21:16, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 14:59 से 16:37

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन आपका स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा. आपके शुभ कार्यों में खर्च की अधिकता होगी. आपको अपने प्रेम एवं संतान का साथ मिलेगा. आपको व्यवसायिक लाभ मिलेगा,

**वृष** : आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. आपकी आय के नवीन मार्ग बनेंगे. आपको अपने प्रेम एवं संतान का साथ मिलेगा. साथ ही आपको अपने जीवनसाथी का भी सानिध्य मिलेगा.

**मिथुन** : आज के दिन आप अपने शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे. लंबे समय से आपका रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा. कोर्ट कचहरी के मामले में आपको विजय मिलने की सम्भावना है.

**कर्क** : आज के दिन भाग्यवश आपके कुछ काम बनेंगे. लंबे समय से आपका रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा. आपका स्वास्थ्य पहले अच्छा रहेगा. आपको अपने प्रेम एवं संतान का भरपूर साथ मिलेगा,

**सिंह** : आज के दिन आप भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन आपका घरेलू सुख बाधित रहेगा और आपका स्वास्थ्य भी प्रभावित रहेगा.

**कन्या** : आज के दिन आपका किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. आपको व्यवसायिक लाभ मिल सकता है. आपको अपने प्रेम एवं संतान का भरपूर साथ मिलेगा. आपके स्वास्थ्य की स्थिति पहले से अच्छी रहेगा.

**तुला** : आज के दिन आपके विरोधी परास्त होंगे. रोजी रोजगार में आप तरक्की करेंगे. आप नए व्यापार की शुरुआत कर सकते है. आपको अपने प्रेम एवं संतान का पूरा साथ मिलेगा.

**वृश्चिक** : आज के दिन भाग्यवश आपके कुछ काम बनेंगे. आपका रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा. आपकी अपने प्रेम एवं संतान से दूरी रहेगी. आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा.

**धनु** : आज के दिन खर्च की अधिकता आपके मन को परेशान करेगी. आपको अज्ञात भय सताएगा. आपका स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा. आपको अपने प्रेम व संतान का साथ मिलेगा.

**मकर** : आज के दिन आपको अपनों का साथ मिलेगा. आप जीवन में तरक्की करेंगे. आपकी व्यवसायिक सफलता के योग बनेंगे. आपको प्रेम एवं संतान का भरपूर साथ मिलेगा.

**कुम्भ** : आज के दिन आपको शासन सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा. आपके उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. आपके कुटुम्बों में वृद्धि होगी. आपको अपने प्रेम एवं संतान का भरपूर साथ मिलेगा.

**मीन** : आज के दिन आप आकर्षण का केन्द्र बने रहेंगे. आपको जिस चीज की जरूरत होगी, उसकी उपलब्धता आपको हो जाएगी. आपको राजनीतिक लाभ मिलेगा. आपका व्यापार अच्छा रहेगा.

# सांपों के प्रति समर्पण की सांस्कृतिक परंपरा है नाग पंचमी



योगेश कुमार गोयल

श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रतिवर्ष देशभर में नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 29 जुलाई को मनाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में चैत्र तथा भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन भी 'नाग पंचमी' मनाई जाती है। ज्योतिष के अनुसार पंचमी तिथि के स्वामी नाग हैं, इसीलिए मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन भगवान शिव के आभूषण नाग देवता की पूजा पूरे विधि-विधान से करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि के अलावा आध्यात्मिक शक्ति, अपार धन और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और सर्पदंश के भय से भी मुक्ति मिलती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार नाग पंचमी इस बार हस्त नक्षत्र के शुभ संयोग में मनाई जाएगी। नाग पंचमी के दिन कुछ स्थानों पर 'कुश' नामक घास से नाग की आकृति बनाकर दूध, घी, दही इत्यादि से इनकी पूजा की जाती है जबकि कुछ अन्य स्थानों पर नागों के चित्र या मूर्ति को लकड़ी के एक पाट पर स्थापित कर मूर्ति पर हल्दी, कुमकुम, चावल, फूल चढ़ाकर पूजन किया जाता है और पूजन के पश्चात् कच्चा दूध, घी, चीनी मिलाकर नाग मूर्ति को अर्पित की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से नागराज वासुकि प्रसन्न होते हैं और पूजा करने वाले परिवार पर नाग देवता की कृपा होती है।



कुछ धर्म ग्रंथों में नागों को पूर्वजों की आत्मा के रूप में भी माना गया है। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नागों को पौराणिक काल से ही देवता के रूप में पूजा जाता रहा है और नाग पंचमी के दिन नाग पूजन करने का तो काफी ज्यादा महत्व माना गया है। भारत में कई स्थानों पर नाग देवता के कई प्राचीन मंदिर हैं और नागालैंड, नागपुर, अनंतनाग, शेषनाग, नागवनी, नागारखंड, भागसूनाग इत्यादि देश में कई स्थानों का तो नाम ही नागों के नाम पर ही रखा गया है। नागालैंड को तो नागवंशियों का मुख्य स्थान माना गया है और कुछ ग्रंथों में कश्मीर को भी नागभूमि कहा गया है। भारत में दक्षिण भारत के पर्वतीय इलाकों के अलावा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम इत्यादि में नाग पूजा प्रमुखता से होती है। जिस प्रकार हमारे कुल देवताओं में देवी-देवता शामिल होते हैं, ठीक उसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों में नागों को भी 'स्थान देवता' माना जाता है। कई जगहों पर तो नागों को कुल देवता, ग्राम देवता और क्षेत्रपाल भी कहा जाता है। हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार कुल 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें नाग भी शामिल हैं।

नागों की उत्पत्ति और उनके पाताललोक वासी होने को लेकर महाभारतकालीन एक कथा प्रचलित है। वराहपुराण के अनुसार, महर्षि कश्यप की तेरह पत्नियां थी, जिनमें से एक थी राजा दक्ष की पुत्री कद्रू, जिसने महर्षि कश्यप की बहुत सेवा की, जिससे प्रसन्न होकर महर्षि ने कद्रू को वरदाने मांगने के लिए कहा। कद्रू ने उनसे एक हजार तेजस्वी नाग पुत्रों का वरदान मांगा। महर्षि कश्यप के वरदानस्वरूप कद्रू से ही नाग वंश की उत्पत्ति हुई लेकिन जब इन नागों ने धरती पर लोगों को डसना शुरू किया तो नागों से रक्षा के लिए सभी ने ब्रह्माजी से प्रार्थना की। तब ब्रह्माजी ने सभी नागों को श्राप देते हुए कहा कि जिस तरीके से तुम लोगों पर अत्याचार कर रहे हो, अगले जन्म में तुम सभी का नाश हो जाएगा। यह श्राप सुनकर नाग भयभीत हो गए और उन्होंने कातर स्वर में ब्रह्माजी से प्रार्थना की कि जिस प्रकार मनुष्यों के रहने के लिए उन्हें पृथ्वी दी गई है, उसी प्रकार उन्हें भी इस ब्रह्माण्ड में कोई अलग स्थान दिया जाए, जिससे इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा। तब ब्रह्माजी ने उन्हें रहने के लिए पाताल देते हुए कहा कि अब से तुम सभी भूमि के अंदर पाताललोक में ही रहोगे। उसके बाद सभी नाग पाताललोक में निवास करने लगे। माना जाता है कि ब्रह्मराजी ने मनुष्यों की नागों से रक्षा के लिए जिस दिन उनके पाताल में रहने की व्यवस्था की, उस दिन सावन महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि थी और तभी से इसी तिथि पर नागों की पूजा के लिए 'नाग पंचमी' त्योहार मनाया जाने लगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नाग भगवान शिव के गले का हार तो हैं ही, भगवान विष्णु भी समुद्र में शेषनाग की शैया पर विश्राम करते हैं और यह भी मान्यता है कि हमारी धरती इन्हीं शेषनाग के फन पर टिकी है। त्रेता युग में शेषनाग ने भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण के रूप में धरती पर जन्म लिया था और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम भी शेषनाग के अवतार माने गए हैं। वैसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नागों को कृषक मित्र जीव माना गया है। दरअसल ये खेतों में फसलों के लिए खतरनाक जीवों, चूहों इत्यादि का भक्षण कर फसलों के लिए मित्र साबित होते हैं लेकिन वर्तमान समय में नागों या सांपों की खाल, जहर इत्यादि चीजों से बड़े व्यापारिक लाभ के लिए बड़ी संख्या में इन्हें मारा और बेचा जाता है। इसी कारण वन्य और जीव-जंतु विभाग तथा सरकारों द्वारा नागों को संरक्षित करने के लिए सांपों को पकड़ने और उन्हें दूध पिलाने पर रोक लगाई जाती है।

# पूर्व में भगदड़ से हुए हादसों से कोई सबक नहीं

## संदर्भ- हरिद्वार के मंदिर में भगदड़



प्रमोद भार्गव

उत्तराखंड के प्रसिद्द तीर्थस्थल के मनसा देवी मंदिर के मार्ग में मची भगदड़ से छह लोगों की मौत हो गईं और 40 लोग घायल हैं। यह शिवालिक पहाड़ियों पर 500 फीट की ऊंचाई पर यह घटना एक विद्युत मीटर के निकट बिजली का करंट फ़ैल जाने की अफवाह से लगी। सावन का महीना और रविवार का दिन होने के कारण सुबह से ही बहुत भीड़ थी। वाबजूद इस संकरे मार्ग पर सुरक्षा के कोई पुख्ता प्रबंध नहीं थे। जबकि इसी रास्ते से लोग आ-जा रहे थे। जबकि हाल ही में जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा और बेंगलुरु में खेले गए क्रिकेट मैच के चलते दो बड़ी घटनाएं घटी हैं ,फिर भी प्रसाशन ने सबक लेते हुए कोई सतर्कता नहं बरती। आखिर सोया प्रसाशन कब जागेगा ? वैसे भी हरिद्वार धार्मिक उत्सव और कुंभ जैसे मेले को आयोजित कराने वाला नगर है ,इसलिए वहां के प्रशासन को हर वक्त चैतन्य रहने की जरूरत है।

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यदि हरिद्वार की ही बात करें तो 1912 के कुंभ में भगदड़ से 7 लोगों की 1966 में 12 1986 में 52,1996 में 22,2010 में 7,और 2011 गायत्री यज्ञ में भगदड़ होने से 20 लोगों की मौतें हुई थीं। भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती ? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते ? अतएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं।

जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ जाता है कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो जाते हैं। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया और दो ट्रक आम रास्ते से मंदिर की ओर भेज दिए। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए। क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी ? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा। मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है। क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेश मुहूर्त के समय लाखों-करोडों. की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती ? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, लेने खासतौर से योरुपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। दरअसल दर्शन-लाभ और पूजापाठ जैसे अनुश्ठान अशक्त और अपंग मनुश्य की वैशाखी हैं। जब इंसान सत्य और ईश्वर की खोज करते-करते थक जाता है और किसी परिणाम पर भी नहीं पहुंचता है तो वह पूजापाठों के प्रतीक गढ़कर उसी को सत्य या ईश्वर मानने लगता है। यह मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी है। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। जब चिंतन मनन की धारा सूख जाती है तो सत्य की खोज मूर्ति पूजा और मुहूर्त की शुभ घड़ियों में सिमट जाती है। जब अध्ययन के बाद मौलिक चिंतन का मन-मस्तिश्क में ह्रस हो जाता है तो मानव समुदाय भजन-कीर्तन में लग जाता है। यही हश्र हमारे पथ-प्रदर्शकों का हो गया है। नतीजतन पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं।

मीडिया इसी पूजा-पाठ का नाट्य रूपांतरण करके दिखाता है, यह अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वरीय अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को भाग्य और प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, लोगों को धर्मभीरू बना रहा है। राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध व वैभवशाली होगा। परंतु इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है,

## जीवन में जागरूकता का विकास होना चाहिए : मुनिश्री जिनेश कुमार



**कोलकाता, समाज्ञा :** जन्म और मृत्यु रूपी दो तटों के मध्य बहने वाली अविरल धारा का नाम है जीवन। जीवन बहुत मूल्यवान है, इसलिए सही ढंग से जीने की कला को सीखना आवश्यक है। आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमारजी ने ये विचार भिक्षु विहार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन में जागरूकता का विकास होना चाहिए। जागरूक व्यक्ति ही जीवन को सही दिशा व सफलता प्रदान कर सकता है। हर मनुष्य को अपना जीवन प्रामाणिकता के आधार पर जीना चाहिए। प्रामाणिक जीवन जीने वाला ही विश्वास पात्र बनता है। चरित्रवान, अहंकार रहित, विनम्र एवं क्षमा गुण से सम्पन्न जीवन सुखमय बनता है। मुनिश्री ने कहा कि सफल जीवन की एबीसीडी है-अवेयरनेस (जागरूकता), विलीव (विश्वास), च्वाइस (चुनाव) और डिटरमिनेशन (अनासक्ति)। मुनिश्री परमानन्दजी ने कहा-आत्मनिरीक्षण, लक्ष्य निर्धारण और पुरुषार्थ जीवन की सफलता में योगभूत बनते हैं। मुनिश्री कुणाल कुमारजी ने समुधुर गीतिका का संगान किया। स्वागत वक्तव्य तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अनिल आंचलिया ने रखा। प्रतिष्ठित चिकित्सक प्रोफेसर डा. विनोद विनायकिया ने स्वास्थ्य जागरूकता के अन्तर्गत हृदय रोग, मधुमेह आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए गुणवत्तायुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया। आभार ज्ञापन शिखा सुराणा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमान्द ने किया। आयोजन की सफलता में पूर्वांचल तेरापंथी सभा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे।

## श्री बाबा बासुकीनाथ मित्र मंडल (हावड़ा) का श्रावणोत्सव 2025 संपन्न




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा की प्रतिष्ठित संस्था श्री बाबा बासुकीनाथ मित्र मंडल (हावड़ा) द्वारा आयोजित श्रावणोत्सव 2025 कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कोलकाता के वेदम बैन्क्वेट में 27 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं और भजन प्रेमियों ने भाग लिया, जिन्होंने बाबा बासुकीनाथ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए हर भजन पर झूमकर माहौल को भक्तिरस से भर दिया। हर-हर महादेव और बम बासुकी के जयघोष से पूरा परिसर शिवमय हो उठा। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का विशेष योगदान रहा, जिनके सेवा भाव और समर्पण ने आयोजन को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया।

## वर्ग पहेली नं. 3167

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | 10 | | 11 | | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | | ■ | 14 | | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ | ■ |
| 17 | | ■ | 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | ■ | | ■ | 23 | | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | 26 | 27 |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) क़ीमती; अमूल्य, 2) अनूठा, 3) किस्म, 4) दर्द की आवाज़, 5) श्रमिक, 6) तुल्य, 10) घर के लोग, 11) तथ्यात्मक, 13) ख़िदमत; परिचर्या, 14) सहयात्री, 17) नग्न, 19) बलपूर्वक, 21) आसानी, 22) अपराध, 23) पग; पैर, 27) हिम्मत.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 3) सब कोई, 5) बिंदु के आकार का शरीर पर होनेवाला निशान, 7) दृश्य, 8) डकैती; लूट, 9) बेफिक्र, 12) उलझे हुए बाल *(सिर के)*, 14) लूटना, 15) एक मीठा पकवान, 16) आराम, 17) इच्छा; हृदय, 18) धोबी, 20) गधा, 23) अत्याचार ; संकट, 24) बड़बड़ाना, 25) पहुँच, 26) बेल, 28) सुंदर, 29) चंद्रमा.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | फ़ा | य | दा | ■ | ■ | म | त | भे | द |
| रो | ■ | ■ | व | क्रा | का | र | ■ | ■ | स्यु |
| ज़ | ह | म | त | ■ | ■ | त | स | ल्ली | ■ |
| गा | ■ | हा | ■ | द | र | बा | र | ■ | न |
| र | वा | न | गी | ■ | प | ■ | क | री | म |
| ■ | प | ता | ■ | अ | ट | क | ना | ■ | क |
| मि | स | ■ | आ | स | ■ | ठे | ■ | प्रे | ह |
| ठा | ■ | ■ | सा | ल | गि | र | ह | ■ | रा |
| स | न | स | नी | ■ | ला | ■ | र | ह | म |

## सुडोकू-पहेली-3124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 5 | | 7 | 4 | | | |
| 7 | | | | | | | 5 | 8 |
| | | | 6 | | | | | |
| 8 | | | | 6 | | 5 | 7 | |
| | 1 | | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | 4 | | 8 | | | | 9 | |
| | | | 1 | | 3 | | 6 | |
| | | | 7 | 4 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3123 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 8 |

# ममता ने भाजपा-निर्वाचन आयोग की 'पिछले दरवाजे से एनआरसी' लाने के खिलाफ 'भाषा आंदोलन' किया शुरू

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विरोधी अपने आक्रामक अभियान को तेज करते हुए सोमवार को 'भाषा आंदोलन' शुरू किया। ममता ने केंद्र और निर्वाचन आयोग पर एनआरसी को 'पिछले दरवाजे से' लागू करने की साजिश रचने और बांग्लाभाषी प्रवासियों के खिलाफ 'भाषाई आतंकवाद' करने का आरोप लगाया। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित सांस्कृतिक स्थल बोलपुर से राज्यव्यापी 'बांग्ला भाषा आंदोलन' की शुरुआत करते हुए घोषणा की कि वह जान दे देंगी, लेकिन अपनी भाषा नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने मतदाता सूची संशोधन की आड़ में बंगाली अस्मिता को मिटाने, गरीबों को मताधिकार से वंचित करने या प्रवासियों को बाहर



निकालने के प्रयासों के खिलाफ खड़े होने का संकल्प लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत करके मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षक के नाम पर अल्पसंख्यकों, अन्य पिछड़ा वर्ग, गरीबों और बांग्ला भाषी मतदाताओं को निशाना बना रही है, ताकि गुप्त रूप से राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) जैसी प्रक्रिया अपनाकर मतदाता सूची से वाजिब नामों को हटाया जा सके। ममता ने वैध मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर निर्वाचन आयोग को चुनौती देते हुए चेतावनी दी कि ऐसे कदमों के परिणाम भुगतने होंगे। तृणमूल कांग्रेस समर्थकों और राज्य में वापस लौटे बांग्ला प्रवासियों की एक रैली का नेतृत्व करते हुए बनर्जी ने कहा कि हम भाषाई आतंक के नाम पर हमारे अस्तित्व को खतरे में डालने की इस साजिश और पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने के प्रयास को रोकेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मैं जिंदा हूं, बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने दूंगी। मैं यहां निरुद्ध शिविर नहीं बनने दूंगी। अगर बंगाल से नाम हटाने की कोशिश करोगे तो इसके नतीजे भुगतने होंगे। क्या आप हमारी माताओं, बहनों और हमारे सांस्कृतिक समूहों के उन प्रतिकार का सामना करने के लिए तैयार हैं, जब वे अहिंसक तरीके से आपके खिलाफ उठ खड़े होंगे? ममता ने उत्साहित भीड़ का अभिवादन करते हुए और टैगोर का चित्र लिए हुए टूरिस्ट लॉज चौराहे से जम्बोनी बस स्टैंड तक तीन किलोमीटर लंबा विरोध मार्च निकाला। इस दौरान उनके साथ मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ममता ने निर्वाचन आयोग पर केंद्र के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक पूर्व मंत्री अब डबल इंजन सरकार में अपने दोस्त की मदद करने के लिए मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं उन्हें मतदाता सूची संशोधन के नाम पर वैध मतदाताओं को हटाने की चुनौती देती हूं। हम उन्हें अपने ही देश में बंगालियों को बेघर नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचन आयोग को चेतावनी देती हूं - अगर आपने बंगाल की मतदाता सूची से नाम हटाने की हिम्मत की, तो आपको छऊ नृत्य, धमसा-मडोल, शंख, झांझ और युद्ध के नगाड़े सुनाई देंगे। क्या आपने पहले ऐसी आवाजें सुनी हैं? हम आपको ये सुनाएंगे।

# भारत को किसी भी स्थिति में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करनी चाहिए : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि भारत को किसी भी स्थिति में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करनी चाहिए और उस देश के साथ बातचीत केवल युद्ध के मैदान में होनी चाहिए। टीएमसी के लोकसभा सदस्य ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैला रहा है और भारत को लहूलुहान कर रहा है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि भारत को किसी भी हाल में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करनी चाहिए। पाकिस्तान के साथ हमारी बातचीत केवल युद्ध के मैदान में होनी चाहिए और इस युद्ध में जीतने वाला एकमात्र पुरस्कार पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) है। तृणमूल महासचिव ने कहा कि पाकिस्तान दशकों से हमारे देश में



आतंकवाद का फैला रहा है। उसने भारतीयों की जान लेकर कई परिवार उजाड़े और अपूरणीय क्षति पहुंचाकर हमारे देश को लहूलुहान किया है। फिर भी हम समय-समय पर राजनीति को खेलों से दूर रखने की मांग सुनते आए हैं। लेकिन अब नहीं, अब इसे रोकना होगा। तृणमूल सांसद ने कहा कि जब कोई देश परोक्ष युद्ध छेड़ता है, तो कोई जमीन तटस्थ नहीं बचती। उन्होंने कहा कि कोई क्रिकेट पिच हमारे शहीदों का खून धोने के लिए काफी नहीं है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि हमारा तिरंगा बल्ले और गेंद की वजह से नहीं, बल्कि हमारे सशस्त्र बलों के बेजोड़ साहस और वीरता की वजह से ऊंचा फहराता है। हम अपने क्रिकेटरों का सम्मान करते हैं और मैं इस खेल का गहरा सम्मान करता हूं। लेकिन एक राष्ट्र के रूप में हम अपने सैनिकों का सम्मान करते हैं। वे जो स्टेडियम में हमारे आनंद और उल्लास के दौरान पहरा देते हैं, वे जो दूसरों के खेलते समय अपना खून बहाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य मनोरंजन नहीं, बल्कि न्याय होना चाहिए। अगर पाकिस्तान के साथ मुकाबला होना है तो वह नियंत्रण रेखा पर लड़ा जाए और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर ही एकमात्र ट्रॉफी हो, जो हम चाहते हैं। इससे कम कोई भी बात हमारे शहीदों का अपमान होगी।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में राहत नहीं, माणिक भट्टाचार्य की पत्नी-पुत्र की याचिका खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी माणिक भट्टाचार्य के परिवार ने कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली। माणिक भट्टाचार्य की पत्नी शतरूपा भट्टाचार्य और पुत्र सौविक भट्टाचार्य ने जांच और न्यायिक प्रक्रिया से राहत की मांग करते हुए याचिका दायर की थी, लेकिन न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने उनकी याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कोलकाता हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निचली अदालत में जिस तरह से मुकदमे की सुनवाई चल रही है, उसमें इस समय कोई अंतरिम रोक लगाने का आधार नहीं है। न्यायमूर्ति ने कहा कि फिलहाल निचली अदालत की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। हालांकि, अदालत ने निर्देश दिया है कि जांच और सुनवाई की प्रगति को लेकर संबंधित एजेंसियों को चार सप्ताह के भीतर हलफनामा प्रस्तुत करना होगा। गौरतलब है कि माणिक भट्टाचार्य, उनकी पत्नी और पुत्र, तीनों पर शिक्षक भर्ती घोटाले में संलिप्तता के आरोप हैं। इसके साथ ही जांच में सहयोग न करने और अदालत के निर्देशों के पालन में लापरवाही को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अदालत ने संबंधित जांच एजेंसी से यह भी कहा है कि अगली सुनवाई से पहले यह रिपोर्ट पेश की जाए कि अब तक जांच कहां तक पहुंची है और मुकदमा किस स्थिति में है।

## जूनियर डॉक्टरों की पोस्टिंग याचिका पर सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट इस सप्ताह देगा फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मेडिकल सेवाओं में पोस्टिंग को लेकर उठे विवाद पर अब जल्द ही कानूनी स्थिति स्पष्ट हो सकती है। जूनियर डॉक्टर अनीकेत महतो, देबाशीष हलदार और असफाकुल्ला नय्यर ने जबरन स्थानांतरण के खिलाफ कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सोमवार को इस याचिका की वैधता को लेकर राज्य सरकार की आपत्ति पर न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की एकल पीठ में सुनवाई पूरी हुई। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जो इस सप्ताह आने की संभावना है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत उन्हें जिन अस्पतालों में नियुक्त किया जाना था, वहां न भेजकर जानबूझकर उन्हें अन्यत्र स्थानांतरित किया गया। इसे उन्होंने मनमानी और बदले की भावना से प्रेरित कार्रवाई बताया है। वहीं, राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में इस याचिका की वैधता पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि इस तरह के प्रशासनिक मामले, विशेष रूप से सरकारी कर्मियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़े विषय, राज्य प्रशासनिक अधिकरण (एसएटी) के दायरे में आते हैं। इसलिए इस याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं हो सकती। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद स्पष्ट किया कि पहले यह तय किया जाएगा कि याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। इसी बिंदु पर कोर्ट इस सप्ताह के अंदर अपना निर्णय सुनाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में ओबीसी सूची को लेकर हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले पर सोमवार को रोक लगा दी जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची के कार्यान्वयन को रोक लगाई गई थी। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया, उच्च न्यायालय का आदेश त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गत 17 जून को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा ओबीसी-ए और ओबीसी-बी श्रेणियों के तहत 140 उपवर्गों को आरक्षण देने के संबंध में जारी अधिसूचनाओं पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। इस दिन, सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया और कहा कि यह हैरान करने वाला है। उच्च न्यायालय ऐसा आदेश कैसे पारित कर सकता है? आरक्षण कार्यपालिका के कार्य का हिस्सा है।

### शिक्षा मंत्री ने ओबीसी सूची पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की सराहना की



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की संशोधित सूची को लागू करने पर कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से लगायी गयी रोक पर उच्चतम न्यायालय के स्थगन की सोमवार को सराहना की। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तत्काल उचित कार्रवाई करने के लिए तैयार है। बसु ने 'एक्स' पर लिखा कि माननीय उच्चतम न्यायालय का आज का स्थगन हमारी माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओबीसी नीति की नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग में हमने पहले ही इसका अनुमान लगा लिया था और तत्काल उचित कार्रवाई करने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 23.07.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व** रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-96-25-26, कार्य का नाम:** ब्रिज संख्या 13सीसीआर (गंगा नदी) के पानी के नीचे के खंभे (पियर) की दरारों का विस्तृत नवीनीकरण। **निविदा मूल्य :** रु. 85,81,984.22, **बयाना राशि :** रु.1,71,600/- **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-97-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/(1)/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ पेयजल की आपूर्ति के लिए चितपुर में 2.5 एमजीडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का परिचालन और रखरखाव (03 वर्ष)। **निविदा मूल्य :** रु.1,79,78,945/-, **बयाना राशि :** रु.2,39,900/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन-98-25-26, कार्य का नाम:** सोदपुर में: वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत यात्री केन्द्रित सुविधाएँ प्रदान करना तथा अन्य सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.81,38,656.35, **बयाना राशि :** रु.1,62,800/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं.: टीएन-99-25-26, कार्य का नाम:** (i) काँचरापाड़ा: एमडीएसटीआई/आरपीएफ/केपीए के पूर्व की ओर 8 फीट तक के बाउंडरी वॉल के निर्माण और काटेदार तार लगाने का प्रस्ताव और (ii) बैरकपुर में आरपीएफ कार्यालय (40 सीट) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,84,01,285.67, **बयाना राशि :** रु.2,42,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 हेतु 06 (छह) माह, क्रम सं. 2 हेतु 36 (छत्तीस) माह, क्रम सं. 3 हेतु 09 (नौ) माह और क्रम सं. 4 हेतु 10 (दस) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-136/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/538/ईएमयू/आरटी-3 (खुली निविदा) एकल पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई-निविदा प्रणाली हेतु, दिनांक: 25.07.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** जनशक्ति के आधार पर 02 वर्ष (730 दिनों) के लिए तारकेश्वर ईएमयू स्टैबलिंग यार्ड में ईएमयू रेक की सफाई। **निविदा मूल्य:** रु.31,04,614.81, **बयाना राशि (ई.एम.डी.):** रु.62,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 730 दिन। **अंतिम तिथि:** दिनांक 14.08.2025 को 12.00 बजे। **अनुबंध की किस्म:** सेवा। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-211/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आईआईएम जोका दुष्कर्म मामले में जमानत पर रिहा छात्र को कक्षाओं में भाग लेने की दी अनुमति

### ✒ हॉस्टल में रहने की इजाजत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रबंधन संस्थान कोलकाता ने दुष्कर्म के एक मामले में गिरफ्तार और अब जमानत पर रिहा अपने छात्र परमानंद महावीर तोप्पन्नावर (26) को फिर से कक्षाएं अटेंड करने की अनुमति दे दी है। हालांकि, छात्र को कैंपस हॉस्टल में रहने की इजाजत नहीं दी गई है जब तक कि कोलकाता पुलिस की विशेष जांच टीम अपनी जांच पूरी नहीं कर लेती। आईआईएम कोलकाता की अकादमिक परिषद की बैठक में काफी सोच विचार के बाद यह निर्णय लिया गया कि आरोपित को बैठने की अनुमति देनी चाहिए। यह बैठक तब बुलाई गई जब आरोपित छात्र ने संस्थान को आवेदन देकर कक्षाओं में





वापसी की अनुमति मांगी थी। परिषद ने कानूनी सलाह के आधार पर यह तय किया कि छात्र 28 जुलाई से नियमित कक्षाएं अटेंड कर सकेगा, लेकिन वह उस लेक व्यू हॉस्टल में नहीं रह पाएगा जहां से उसकी गिरफ्तारी हुई थी। छात्र को लाइब्रेरी का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है, लेकिन 12 से 22 जुलाई तक हिरासत में रहने के कारण जो कक्षाएं छूटी हैं, उनके लिए कम्पनसेटरी अटेंडेंस पर बाद में विचार किया जाएगा। छात्र का यह कार्यक्रम दो वर्षो का है और अब उसे शेष आठ महीने की पढ़ाई पूरी करनी है। इस बैठक में आईआईएम के कार्यवाहक निदेशक सैबाल चट्टोपाध्याय, डीन और अन्य वरिष्ठ फैकल्टी व अधिकारी मौजूद थे। संस्थान ने यह स्पष्ट किया है कि मामले की जांच लंबित है, इसलिए हॉस्टल में रहने की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन छात्र की शिक्षा बाधित न हो, इसके लिए उसे क्लास अटेंड करने की छूट दी गई है। गौरतलब है कि 11 जुलाई को एक महिला ने परमानंद के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई। महिला का दावा था कि वह एक काउंसलर है (संस्थान से जुड़ी नहीं) और आरोपी ने उसे काउंसलिंग के बहाने हॉस्टल में बुलाकर नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया।

## बंगाल में एसआईआर को लेकर अटकलों के बीच 2002 की मतदाता सूची जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 2002 की मतदाता सूची प्रकाशित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चुनाव आयोग ने अब तक 109 विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की है। यह सूची राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस सूची में जिन मतदाताओं का नाम दर्ज है, उन्हें एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर फिलहाल राहत मिली है। यह सूची 2002 में किए गए विशेष गहन सर्वेक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत तैयार की गई थी और आयोग अब उसी सूची को आधार बनाकर आगे की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहता है। बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल में भी 23 साल पुरानी मतदाता सूची को प्रकाशित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आयोग ने अपनी वेबसाइट





पर कबचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, मालदह, नदिया, हावड़ा, हुगली, मेदिनीपुर और बांकुड़ा जैसे जिलों की विधानसभा सीटों की सूची जारी कर दी है। वोटर सूची में अपना नाम देखने के लिए नागरिक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अनुसार सूची में अपना नाम देख सकते हैं। यह कदम एसआईआर को लेकर चल रही अनिश्चितताओं के बीच पारदर्शिता लाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**Ref NIeT No: 423/15th FC/2025-26 Date: 22.07.2025 (Sl. No. 01 to 04)**
E-Tender are invited from bonafied resourceful contractors for development works. For Scheme details, other Terms and Conditions please visit **www.wbtenders.gov.in**
Documents Download Date: From **23.07.2025** to **04.08.2025** up to **15.00 PM.** Bid Submission Date: **23.07.2025** to **04.08.2025** up to **15.30 PM.** Date of Technical Bid Opening: **06.08.2025** at **16:00 PM.**

Sd/-,
Executive Officer
Chinsurah-Mogra Panchayet Samity

# शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में वोटर पंजीकरण में वृद्धि का किया इशारा, घुसपैठियों को वैध बनाने का लगाया आरोप




**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि बंगाल सरकार रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशियों सहित अवैध प्रवासियों को सामूहिक निवास प्रमाण पत्र जारी करके मतदाता का दर्जा दिलाने में मदद कर रही है। उन्होंने कई संवेदनशील सीमावर्ती जिलों में नए मतदाता पंजीकरण में असामान्य वृद्धि का हवाला दिया। एक्स पर एक पोस्ट में अधिकारी ने लिखा कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों में एक परेशान करने वाला रुझान सामने आया है। पिछले सप्ताह औसतन 70,000 से अधिक फार्म-6 आवेदन जमा किए गए हैं, जो सामान्य 20,000-25,000 से काफी अधिक है, खासकर कूचबिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, मालदा, उत्तरी दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, नदिया और उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना जिलों में। उन्होंने लिखा कि यह उछाल बंगाल प्रशासन द्वारा जारी किए जा रहे निवास प्रमाण पत्रों की खबरों के साथ, राज्य सरकार द्वारा घुसपैठिए रोहिंग्या मुसलमानों और अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को वैध बनाने के अनैतिक और अवैध प्रयासों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है, जिसका उद्देश्य हमारी मतदाता सूचियों में हेराफेरी करना है। अधिकारी ने 26 जुलाई का एक पत्र भी संलग्न किया, जो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को संबोधित था, जिसमें मांग की गई थी कि यदि बंगाल में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की जाती है, तो 25 जुलाई या उसके बाद जारी किए गए किसी भी निवास प्रमाण पत्र को मतदाता सूची के चल रहे पुनरीक्षण के लिए मान्य नहीं माना जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र की अखंडता की रक्षा की जानी चाहिए और वोट बैंक की राजनीति के निहित स्वार्थों के लिए इसे कमजोर नहीं होने दिया जा सकता। जिला चुनाव अधिकारियों को यह याद रखना चाहिए कि उन्हें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, और उनकी निष्ठा देश के प्रति और देश के हितों की रक्षा के प्रति है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने मुर्शिदाबाद, मालदा, दिनाजपुर, नादिया, कूचबिहार और 24 परगना सहित कई संवेदनशील जिलों के जिलाधिकारियों और उप-मंडल अधिकारियों को बड़ी संख्या में निवास प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया है।

### ममता एसआईआर में हस्तक्षेप कर निर्वाचन आयोग के अधिकार को कमजोर कर रही हैं : शुभेंदु अधिकारी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को बोलपुर में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह राजनीतिक लाभ के लिए निर्वाचन आयोग के कामकाज में हस्तक्षेप करने और मतदाता सूची के पुनरीक्षण को प्रभावित करने का प्रयास कर रही हैं। शुभेंदु अधिकारी ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए कड़े शब्दों वाले एक बयान में मुख्यमंत्री पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में स्पष्ट हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया और दावा किया कि बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के लिए उनकी टिप्पणी धमकाने के समान थी। विपक्ष के नेता ने लिखा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ये बयान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की शुचिता को कमजोर करने के एक स्पष्ट प्रयास से कम नहीं हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि बूथ लेवल के अधिकारियों (बीएलओ) को खुलेआम यह याद दिलाकर कि वे 'राज्य सरकार के कर्मचारी' हैं और उन्हें भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों का पालन न करने की चेतावनी देकर, वह पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से धमका रही हैं। अधिकारी ने आरोप लगाया कि यह सुनिश्चित करने का उनका निर्देश कि किसी भी मतदाता का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए' अधिकारियों को धमकाने और मतदाता सूची संशोधन को राजनीतिक लाभ के लिए प्रभावित करने का एक परोक्ष प्रयास था। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी टिप्पणी न केवल निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता का अनादर करती है, बल्कि हमारे चुनावों की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करती हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह मुख्यमंत्री के बयानों का तत्काल संज्ञान ले और यह जांच शुरू करे कि क्या इन बयानों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) बिना किसी डर या दबाव के अपना कर्तव्य निर्वहन कर सकें, ताकि हर नागरिक को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का अधिकार मिल सके।

## सीबीआई जांच पर रोक की मांग पर शेख शाहजहां की याचिका पर सुनवाई, हाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेशखाली में 2019 में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में सीबीआई जांच के खिलाफ दायर शेख शाहजहां की याचिका पर सोमवार को कोलकाता हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। यह सुनवाई न्यायमूर्ति देवांशु बसाक और न्यायमूर्ति श्यामल सेन की खंडपीठ में हुई। गौरतलब है कि 8 जून 2019 की इस घटना में कोलकाता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इस आदेश को चुनौती देते हुए शाहजहां ने डिविजन बेंच में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान शाहजहां के वकील अदालत को यह समझाने में असफल रहे कि याचिका किस आधार पर दाखिल की गई है।



न्यायमूर्ति बसाक ने टिप्पणी की, जब सिंगल बेंच ने स्पष्ट कहा है कि इस स्तर पर याचिकाकर्ता की कोई आवश्यकता नहीं है, तो फिर यह याचिका दाखिल करने का अधिकार कहां से आता है? शाहजहां के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल देबदास मंडल हत्याकांड में आरोपी हैं, लेकिन अदालत ने कहा कि वह एक अलग मामला है। पीड़ित परिवार की ओर से वकील बताया कि सिंगल बेंच ने कहा है कि ट्रायल के दौरान शाहजहां को अपना पक्ष रखने का अवसर मिलेगा, इसलिए उन्हें फिलहाल पक्षकार बनाना जरूरी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि सीआईडी जांच में शुरू में शाहजहां का नाम था, लेकिन 2022 की चार्जशीट में वह हट गया था। हालांकि 2024 की नई एफआईआर के बाद अतिरिक्त चार्जशीट में उनका नाम फिर जोड़ा गया। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता कोई अजनबी नहीं बल्कि पहचाना गया आरोपी है, और उसकी भूमिका को लेकर और विचार की आवश्यकता है।

## मंत्री चंद्रनाथ को शिक्षक नियुक्ति घोटाले में दोबारा ईडी का समन

**बीरभूम :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीरभूम दौरे के बीच उनके मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक नियुक्ति घोटाले के सिलसिले में दोबारा समन भेजा है। यह समन राज्य के सूक्ष्म, लघु और कुटीर उद्योग मंत्री और जिले के बोलपुर निवासी चंद्रनाथ सिन्हा को 31 जुलाई को पूछताछ के लिए पेश होने के निर्देश के साथ भेजा गया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने मंत्री चंद्रनाथ और उनके परिवार की चल-अचल संपत्तियों की जानकारी चाहती है। उनसे संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई है। हालांकि, मंत्री की ओर से अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। इससे पहले बीते शुक्रवार को भी ईडी ने मंत्री को पूछताछ के लिए तलब किया था, लेकिन उन्होंने



समन का जवाब नहीं दिया। इसके बाद, ईडी ने उनके आवास पर छापेमारी की, जो सुबह से देर रात तक चली। इस दौरान, उनके घर से 41 लाख रुपये नकद जब्त किए गए और उनका मोबाइल फोन भी एजेंसी ने जब्त किया था। फोन की जांच के लिए ही उन्हें पहले पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय एजेंसी अब मंत्री से प्रत्यक्ष पूछताछ करना चाहती है।

**कुछ ट्रेनों की समयसूची में संशोधन**

निम्नलिखित एक्सप्रेस ट्रेनों की संबंधित स्टेशनों पर समयसूची में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा:-

- **13145 कोलकाता - राधिकापुर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.08.2025): **संशोधित समयसूची: कोलकाता टर्मिनल** - प्रस्थान 20.40 बजे; **नैहाटी जंक्शन** - आगमन 21.20 बजे, प्रस्थान 21.22 बजे; **बैण्डेल** - आगमन 21.48 बजे, प्रस्थान 21.50 बजे; **अंबिका कालना** - आगमन 22.23 बजे, प्रस्थान 22.25 बजे; **नबद्वीप धाम** - आगमन 22.43 बजे, प्रस्थान 22.45 बजे; **कटवा** - आगमन 23.15 बजे, प्रस्थान 23.17 बजे; **सालार** - आगमन 23.34 बजे, प्रस्थान 23.36 बजे; **खागड़ाघाट रोड** - आगमन 00.02 बजे; प्रस्थान 00.04 बजे; **आजिमगंज जंक्शन** - आगमन 00.20 बजे, प्रस्थान 00.25 बजे; **जंगीपुर रोड** - आगमन 01.16 बजे, प्रस्थान 01.18 बजे; **न्यू फरक्का जंक्शन** - आगमन 02.09 बजे, प्रस्थान 02.14 बजे; **मालदा टाउन** - आगमन 03.20 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे; **समसी** - आगमन 04.00 बजे, प्रस्थान 04.02 बजे; **भालुका रोड** - आगमन 04.13 बजे, प्रस्थान 04.15 बजे; **हरिश्चंद्रपुर** - आगमन 04.25 बजे, प्रस्थान 04.27 बजे; **बारसोई जंक्शन** - आगमन 05.00 बजे, प्रस्थान 05.05 बजे; **रायगंज**- आगमन 06.00 बजे, प्रस्थान 06.10 बजे; **कालियागंज**-आगमन 07.00 बजे, प्रस्थान 07.02 बजे; **राधिकापुर** - आगमन 07.15 बजे।
- **13149 सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.08.2025) : **संशोधित समयसूची: सियालदह** - प्रस्थान 20.30 बजे; **बिधाननगर** - आगमन 20.39 बजे, प्रस्थान 20.40 बजे; **दक्षिणेश्वर** - आगमन 20.53 बजे, प्रस्थान 20.55 बजे।
- **37927 हावड़ा - कटवा लोकल** (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 05.08.2025) को नबद्वीप धाम स्टेशन पर **नियंत्रित** किया जाएगा और यह कटवा स्टेशन पर 23.45 बजे के बदले 23.58 बजे पहुँचेगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# शीर्ष अदालत ने पूछा : 'आईआईटी खड़गपुर में क्या गड़बड़ है, छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?'

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आईआईटी खड़गपुर और ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में आत्महत्या की घटनाओं पर सवाल उठाये और दोनों मामलों में जांच 'तेजी से आगे बढ़ाने' का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या से होने वाली मौतों के मामले की सुनवाई कर रही है। चौथे वर्ष के मेकैनिकल इंजीनियरिंग के छात्र की आत्महत्या की घटना पर पीठ ने आईआईटी खड़गपुर के वकील से पूछा, 'आपके आईआईटी खड़गपुर में क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? क्या आपने इस समस्या पर विचार किया है? आपने क्या कदम उठाए हैं?' जब शारदा विश्वविद्यालय में एक छात्रा से जुड़ी इसी तरह की घटना भी पीठ के सामने आयी तो उसने आदेश दिया, 'दोनों घटनाओं की जांच कानून के अनुसार और सही दिशा में तेजी से आगे बढ़ाई जाए।' न्यायमित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट ने पीठ को दोनों मामलों में जांच की स्थिति से अवगत कराया। शारदा विश्वविद्यालय मामले पर 30 पृष्ठ की स्थिति रिपोर्ट का हवाला देते हुए भट ने कहा कि एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें दो व्यक्तियों के नाम थे और उन्हें गिरफ्तार



कर लिया गया है। जब पीठ ने सवाल किया कि क्या शारदा विश्वविद्यालय मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है, तो भट ने हां में जवाब दिया। पीठ ने पूछा, 'किसने दर्ज कराई?' जब भट ने कहा कि मृत लड़की के पिता ने प्राथमिकी दर्ज करायी है, तो पीठ ने पूछा, 'पिता को कैसे पता चला कि उनकी बेटी ने आत्महत्या की है? पिता को किसने सूचित किया?' अदालत ने विश्वविद्यालय में हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गौर किया, जिसमें एक युवती की मौत हो गई। पीठ ने शारदा विश्वविद्यालय के वकील से कहा, 'आप हमारे निर्देशों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं? हमने एक पूर्ण निर्णय दिया है। हम यह अपने बच्चों के लिए, अपनी संतानों के लिए कर रहे हैं... क्या यह आपका कर्तव्य नहीं था कि आप तुरंत पुलिस को सूचित करें, माता-पिता को सूचित करें?' दूसरी ओर, आईआईटी खड़गपुर के वकील ने कहा कि 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है और साथ ही 12 सदस्यीय परामर्श केंद्र भी स्थापित किया गया है। वकील ने कहा, 'परामर्श केंद्र के पास पहचान करने के अलग-अलग तरीके हैं... जिन छात्रों को यह समस्या है, उनमें से ज़्यादातर यह बताना नहीं चाहते कि उनके साथ क्या हो रहा है।' आईआईटी खड़गपुर मामले में, भट ने कहा, शिकायत संस्थान द्वारा दर्ज करायी गई थी। शीर्ष अदालत को यह भी बताया गया कि आईआईटी खड़गपुर में हुई घटना की जांच जारी है। पीठ ने सुनवाई चार हफ़्ते बाद निर्धारित की। गत 21 जुलाई को, शीर्ष अदालत ने इन दोनों संस्थानों में छात्रों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया था और न्यायमित्र से घटनाओं के संबंध में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

## ब्लू लाइन के कवि सुभाष स्टेशन पर मेट्रो सेवाएं अस्थायी रूप से बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर स्थित कवि सुभाष मेट्रो स्टेशन के अप प्लेटफॉर्म पर सोमवार को कुछ स्तंभों में दरारें देखी गईं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हाल की भारी बारिश के कारण यह नुकसान हुआ है। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मेट्रो प्रशासन ने कवि सुभाष स्टेशन से ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। अब ब्लू लाइन की ट्रेनें केवल शहीद खुदीराम और दक्षिणेश्वर स्टेशनों के बीच दोनों दिशाओं में संचालित होंगी। हालांकि, मेट्रो रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कवि सुभाष स्टेशन तक खाली रैक भेजे जा रहे हैं ताकि ट्रेन रिवर्सल और तकनीकी




रखरखाव की प्रक्रिया प्रभावित न हो। प्रशासन ने यात्रियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह कदम पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है और क्षति का आकलन किया जा रहा है। जल्द ही मरम्मत और पुनर्वास कार्य योजनाबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा, ताकि स्टेशन को यथाशीघ्र सामान्य सेवा में बहाल किया जा सके।

## एक्सिस बैंक करेगा सुंदरबन में मैंग्रोव पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में बड़ा कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक्सिस बैंक ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में मैंग्रोव पुनर्स्थापन के लिए नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत 2028 तक दक्षिण और उत्तर 24 परगना में 135 हेक्टेयर भूमि पर 7 लाख मैंग्रोव पौधे लगाए जाएंगे। यह कार्यक्रम तटीय जैव विविधता को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। यह भारत सरकार के मिशन-मिष्ठी और सतत विकास लक्ष्यों से भी जुड़ा हुआ है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी विजय मुलबागल ने कहा कि यह पहल पर्यावरणीय स्थिरता और समुदायों की आजीविका दोनों को मजबूत करेगी। मैंग्रोव न केवल कार्बन अवशोषण में सक्षम हैं, बल्कि चक्रवात और भू-क्षरण से सुरक्षा भी प्रदान करते हैं।

## लायंस डिस्ट्रिक्ट 322बी1 ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह का किया भव्य स्वागत

**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322बी1 द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में नव-निर्वाचित अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह का ट्यूलिप पीसी चंद्रा गार्डन्स में उनके गृह जिले व नगर लौटने पर आत्मीय स्वागत किया गया। यह अवसर लायंस परिवार के लिए गौरव और उत्सव का क्षण था, जिसमें जिले भर के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मंजू चमारिया ने किया, जिन्होंने पूरे जिले की ओर से स्वागत की कमान संभाली। इस विशेष समारोह में लायंस इंटरनेशनल बोर्ड के प्रतिष्ठित सदस्य लायन संगीता जाटिया, लायन सुरज बागला और लियो-लायन ऋत्विक भाउसिंघका की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। समारोह की




शुरुआत फेलोशिप सेशन और हाई टी के साथ हुई, जिसके बाद एक औपचारिक बैठक में सभी वरिष्ठ नेताओं ने प्रेरणादायक विचार साझा किए और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। सभा को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए. पी. सिंह ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपने गृह जिले में लौटना मेरे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक घर वापसी जैसा है। लायंस की असली ताकत उसके सदस्यों में है, और आज मैं उसी समुदाय के बीच खड़ा हूं जिसने मेरी सेवा यात्रा की शुरुआत की थी। हम सभी को सेवा, साहस और समर्पण की भावना के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट 322बी1 के लिए एक ऐतिहासिक और गर्वपूर्ण क्षण बन गया, जब उसने अपने जिले से निकले एक अंतरराष्ट्रीय नेता का अभिनंदन कर लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की वैश्विक सेवा भावना को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया।

## अदरक-लहसुन-मिर्च पर लगेगा ब्रेक, राज्य सरकार बनाएगी 750 गोदाम और 10 हब

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने पूजा से पहले आवश्यक मसाला उत्पादों की बढ़ती कीमतों को काबू में लाने के लिए बड़ी पहल की है। राज्य के कृषि विपणन विभाग के तहत अदरक, लहसुन, प्याज और सूखी मिर्च जैसे उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए पूरे राज्य में 750 विशेष गोदाम (गोलाघर) और 10 उत्पाद-आधारित कृषि हब तैयार किए जा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक गोदाम की क्षमता 25 टन होगी और इनका निर्माण छिद्रयुक्त ईंटों की दीवार, कंक्रीट की फर्श और खर या ऐसबेस्टस की छत से किया जाएगा, जिससे ये टिकाऊ और मौसम-प्रतिरोधी बनें। इस योजना पर कुल 9.37 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। लाभार्थियों को गोदाम निर्माण के लिए 1.25 लाख रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है और चयन लॉटरी प्रणाली से होगा। अब तक लगभग 30 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पूर्व वर्दवान (176), हुगली (175) और उत्तर 24 परगना (25) में सबसे अधिक गोदाम बनाए जाएंगे। निर्माण कार्य नवंबर के अंत या दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार 10 प्रमुख कृषि उत्पादों को ध्यान में रखते हुए 'पदार्थ-विशेष हब' भी बना रही है, जिससे किसानों को उत्पादन, भंडारण और विपणन में सहूलियत मिलेगी। यह योजना राज्य में मसालों की कीमतों में स्थिरता लाने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है।

## नवलखा जैन मंदिर, पोलोक स्ट्रीट में 99 भव्य यात्रा दर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** परम पूज्य श्री जग-जयंत गुरुदेव के आशीर्वाद से और सौम्यवक्ता तपस्वी परम पूज्य ड़ो आदशेचंदजी महाराज साहेब के निर्देशन व प्रेरणा से श्री नवलखा संघ के तत्वाधान में भव्य 99 भावयात्रा की शुभ शुरुआत रविवार, 27 जुलाई से कोलकाता में हुई है। यह यात्रा 20 तीर्थंकर निर्वाणभूमि और 24 तीर्थंकरों की झांकी की भव्य प्रतिकृति श्री नवलखा जैन मंदिर, 27 पोलोक स्ट्रीट, कोलकाता में स्थापित कर आयोजित की जा रही है। जैन धर्म में तीर्थंकरों की 99 यात्रा का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस यात्रा से आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक विकास होता है तथा यह मोक्ष प्राप्ति के मार्ग में प्रेरणा देती है। कोलकाता के स्थानकवासी जैन समुदाय ने श्री नवलखा संघ के संकुल में इस धार्मिक आयोजन को



भव्य रूप से संपन्न किया है, जिसमें जैन परिवार, दर्शन, साधना के लिए उपयुक्त अवसर प्रदान किया गया है। संघ ने परम पूज्य गुरुदेव ड़ो आदर्शचदजी महाराज साहेब के मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया है। इस आयोजन में अध्यक्ष चंद्रेश मेधाणी (रोमी), उपाध्यक्ष दीपक गाठाणी, मंत्री दिलेश भिमाणी, भरत भायाणी, हर्षद शेठ, मयूर शेठ, जीतूभाई शाह, हर्षद शाह, मनीष दोषी, विकाश खारा, निमेश शाह, धमेश भिमाणी, पुलिन पारेख, हेमल दफतरी, पंकज देसाई, राजेश मोदी, विराज शाह, मितेश महेता, भावेश चोवटिया, शशिभाई दोषी आदि सब कार्यकता का साथ सहकार मिला। संस्था की ओर से गोतम प्रसाद लाभार्थी हेमलभाई मेधाणी ओर मेधाणी परिवार का आभार व्यक्त किया। कोलकता पुलिस का भी अच्छा सहकार देने के लिए चंद्रेश मेधाणी ने संघ की ओर से आभार प्रकट किया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने देवघर में लगाया सेवा शिविर




**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की देवघर यूनिट की तरफ से देवघर में शिव भक्त कांवरियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इसके तहत समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिन- रात शिव भक्तों की सेवा कर रहे हैं। यहां कांवरियों के लिए जल जलपान इत्यादि की व्यवस्था की गई है। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के सचिव कृष्ण सिंह समाज के उपाध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह की प्रेरणा से यूनिट के सदस्यों ने इस सेवा की पहल की है। समाज के मुख्य संरक्षक जेपी सिंह ने बताया कि संस्था अपने लक्ष्य पर अग्रसर है। इसमें सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। हर पदाधिकारी एवं सदस्य की इच्छा शक्ति से गंगा सागर में समाज की धर्मशाला का कार्य जल्द पूरा होगा। देवघर में यूनिट अध्यक्ष राजेश रंजन सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाया गया है जो पूरे श्रावण माह तक चलेगा। इस दौरान विश्वराज सिंह, शिबू सिंह, कमल सिंह, सीमा सिंह, चंदन सिंह, सुधांशु सिंह, दीपक सिंह, मंगल सिंह, शक्ति सिंह, दीपमंगल सिंह, दिलीप सिंह आदि सदस्य सक्रिय हैं।

## श्रावणी मेला के अवसर पर आसनसोल और गोरखपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

### ✒ दानापुर स्पेशल की शेष सेवाएं रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए आसनसोल और गोरखपुर के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, ट्रेन संख्या 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला स्पेशल प्रतिदिन रात 21:00 बजे 28 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक (कुल 15 फेरे) आसनसोल से रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, वापसी दिशा में 03528 गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल प्रतिदिन दोपहर 13:45 बजे 29 जुलाई 2025 से 11 अगस्त 2025 तक (15 फेरे) गोरखपुर से रवाना होकर अगले दिन सुबह 03:50 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह सहित 12 स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इसमें सामान्य द्वितीय श्रेणी (अनारक्षित) कोच लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। पूर्व रेलवे ने यह भी सूचित किया है कि 03553/03554 आसनसोल-दानापुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल की शेष सेवाएं जो 28 जुलाई (आसनसोल से) एवं 29 जुलाई (दानापुर से) को शुरू होनी थीं, रद्द कर दी गई हैं।

## ओआरएस जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत सियालदह स्टेशन पर चला स्वास्थ्य यात्रा में अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के व्यस्ततम स्टेशनों में से एक सियालदह स्टेशन पर सोमवार को ओआरएस जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन बी.आर. सिंह अस्पताल के बाल रोग



विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सियालदह मंडल द्वारा वेस्ट बंगाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्टेशन पर लगी वीडियो वॉल्स पर डायरिया के लक्षण, ओआरएस की आवश्यकता और निर्माण विधि पर आधारित वीडियो हिंदी, बंगाली और अंग्रेजी में प्रदर्शित किए गए। साथ ही यात्रियों में 500 से अधिक डबल्यूएचओ-प्रमाणित ओआरएस पैकेट और सूचना-पत्र भी वितरित किए गए, जिससे जनसाधारण तक स्वास्थ्य संदेश सरलता से पहुंच सका। इस अवसर पर डॉ. कल्पना मंडल (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. संजीव चौधरी, डॉ. देबाशीष बंद्योपाध्याय, डॉ. सायंतन साहा एवं डॉ. चैताली पात्रा समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। सियालदह के स्टेशन निदेशक की मौजूदगी ने रेलवे के स्वास्थ्य-केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित किया। विशेषज्ञों ने यात्रियों को निर्जलीकरण के लक्षण, घरेलू ओआरएस निर्माण, और डायरिया प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. मंडल ने ओआरएस को हर घर का जरूरी हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## परस्पर सद्भावना, अच्छे कर्म दूसरों के जीवन में खुशी लाते हैं : ब्रह्माश्रम महाराज



**कोलकाता, समाज्ञा :** सत्संग भवन में पधारे दण्डीस्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सुख एवं दुःख मानव जीवन के दो पहलू हैं। आत्मीय सुख के लिये कर्म फल का त्याग करना चाहिये। हरिद्वार से पधारे ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा कि व्यक्ति के कर्म उसके भविष्य को निर्धारित करते हैं। अच्छे कर्म दूसरों के जीवन में खुशी लाते हैं, साथ ही स्वयं के लिए भी सकारात्मक परिणाम उत्पन्न करते हैं। ये कर्म परस्पर स्नेह - प्रेम, सेवा - परोपकार जैसे गुणों पर आधारित हैं। अपने वर्तमान कर्मों को सुधारकर और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर, व्यक्ति सुखी जीवनयापन करता है। सत्संग की प्रेरणा देते हुए कहा कि जो परमात्मा को सर्वत्र देखता है उसके जीवन में दुःख का नाश होता है, सुख - शान्ति कायम रहती है। राजू शर्मा, अभय पाण्डेय, सज्जन वर्मा एवं श्रद्धालु भक्तों ने स्वामी जी का स्वागत किया। सत्संग भवन के ट्रस्टी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा ने श्रद्धालु भक्तों से दैनिक कथा - प्रवचन में उपस्थित रह कर पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया।

## राष्ट्रीय कवि संगम की मधुश्रावनी सरस काव्य गोष्ठी संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय कवि संगम की दक्षिण हावड़ा जिला इकाई द्वारा सावन की फुहार के बीच एक काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को जोका में किया गया। कार्यक्रम हावड़ा जिला के महामंत्री नीलम झा के आवास पर हुआ। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हावड़ा जिला के संरक्षक चंद्रकान्त झा ने किया और संचालन रंजना झा ने किया। कार्यक्रम में कृष्णा नंद मिश्र विशिष्ट अतिथि और सुनील ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष हिमाद्रि मिश्रा ने सरस्वती वंदना से किया। नीलम झा ने सावन मास में शिव जी पर एक रचना प्रस्तुत कर वातावरण को शिवमय कर दिया। अध्यक्षीय अभिभाषण में चंद्रकांत झाजी ने दिया। अंत में, महामंत्री नीलम झा ने आभार व्यक्त किया।



**श्रावण महोत्सव पर बाबा भूतनाथ मंदिर नीमतला घाट के प्रांगण में भजनों की अमृत वर्षा, गायक गणेश चौरसिया, अनुश्री, मुस्कान चौरसिया, सुखसागर, सूरज शर्मा, सनी हरि, अपने भक्ति गीतों से भक्तों को खूब झुमाया। समाजसेवी दारा सिंह, राजेश सिंह ने सभी का अभिनंदन और स्वागत किया। पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया और पूजा-अर्चना की गई।**

## स्वामी सहजानंद ब्रम्हार्षी कल्याण मंच के सदस्यों ने कांवड़ियों का सेवा किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** तारकेश्वर जाने वाले मार्ग पर रविवार को स्वामी सहजानंद ब्रम्हार्षी कल्याण मंच द्वारा नसीबपुर इलाके में कांवरियो के लिए शिविर लगाया गया। सोमवार को जल चढ़ाने वाले हजारों कांवड़ियों का मंच सदस्यों ने जमकर सेवा किया। शिविर में बाबा के भक्तों के लिए चाय, सर्बत, पूड़ी सब्जी एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था रखी गई थी। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अनिल राय, उपाध्यक्ष अशोक राय, सचिव सुमित तिवारी, समाजसेवी नन्हे राय, रामाशंकर राय, मुन्ना ठाकुर, अखिलानंद तिवारी, श्रवण राय, संतोष कुमार पांडेय, मनोज त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष अनिल राय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी मंच की ओर से कांवड़ियों के लिए तारकेश्वर जाने वाले मार्ग पर नसीबपुर इलाके में शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि मंच के सदस्यों ने रविवार की सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद शिविर का शुभारंभ किया, जो देर रात तक चला।

## स्वामी करपात्री महाराज का प्राकट्य दिवस आस्था, भक्ति भावना से मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वामी करपात्री महाराज का 118वां प्राकट्य दिवस आस्था, भक्ति भावना से कोलकाता में मनाया गया। पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने श्रद्धालु भक्तों को स्वामी करपात्री महाराज का स्मरण करते हुए भारत हिन्दू राष्ट्र लक्ष्य के प्रति जागरूक रहते हुए वैदिक सनातन हिन्दू धर्म एवं संस्कृति का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। प्रमुख अतिथि बंधुगौरव ब्रह्मचारी, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, जे पी सिंह, आचार्य राकेश पाण्डेय, रामप्रसाद सराफ, डॉ. एस के अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु शेखर, अशोक तिवारी, प्रयागराज बंसल एवं अतिथियों, श्रद्धालु भक्तों का स्वागत शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज के कृपापात्र शिष्य एवं संयोजक प्रेम चन्द्र झा, पोद्दार सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. अशोक



पोद्दार, देवाशीष गोस्वामी, पिंकी गोस्वामी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। डॉ. प्रेम शंकर त्रिपाठी ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से धार्मिक निष्ठा मजबूत होती है। परिवार में बच्चों, युवा पीढी को सु-संस्कारित करना जरूरी है। डॉ. अशोक पोद्दार ने कल्याणी में भगवान जगन्नाथ के भव्य मन्दिर, गुरुकुल गौशाला एवं निर्माणाधीन सामाजिक सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया। प्रेमचंद्र झा ने शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज के राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के माध्यम से हिंदू राष्ट्र के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की जानकारी दी। सभी वक्ताओं ने गौमाता के संरक्षण, गौसंवर्धन के उद्देश्य से गोसेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। अशोक लाडसरिया, पुरुषोत्तम तिवारी, प्रकाश किल्ला, राजकुमार मूंधड़ा, गोकर्ण शोरेवाल, महेश आचार्य, अशोक कंदोई, शंकर बक्श सिंह, संजय सांगानेरिया, नीलेश झा, उषा गुप्ता, नमोनाथ झा, विकास पाठक, नीरज झा, जगदम्बा प्रसाद मिश्रा, हरेंद्र राय, डॉ. मायाशंकर झा, डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी, अशोक तिवारी, मिथिलेश झा, अनिल झा, पवन मिश्रा, बेला बनर्जी, राजकुमार साहू, कपिल जोशी, गोपाल मिश्रा, शोभा कांत ठाकुर चिंतामणि पांडे, रामचंद्र मिश्र, सोनी त्रिपाठी, मालती तिवारी, रमाकांत ठाकुर, अभय उपाध्याय, राम लाल अग्रवाल सहित पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनन्द वाहिनी एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की मार्च एवं जून 2025 तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयुक्त बैठक सोमवार को फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक के नवनिर्मित सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में सभी विभागाध्यक्षों की उपस्थिति रही, जबकि हावड़ा, सियालदह, आसनसोल एवं मालदह मंडलों के साथ-साथ लिलुआ, कांचरापाड़ा और जमालपुर कारखानों के समिति सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए।

बैठक का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव डॉ. मधुसूदन दत्त ने किया, जो हाल ही में पूर्व रेलवे के प्रधान कार्यालय में पदस्थापित हुए हैं। यह उनके लिए




पहली क्षेत्रीय समिति बैठक थी। उन्होंने हिंदी के संवर्धन हेतु समय निकालने के लिए अपर महाप्रबंधक का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर देवेंद्र कुमार ने कहा कि हिंदी का प्रयोग न केवल हार्ड कॉपी बल्कि ई-माध्यम में भी बढ़ाया जाए। उन्होंने उद्घाटन पट्टिकाओं में भी हिंदी अनिवार्य रूप से शामिल करने की बात कही।

अपर महाप्रबंधक श्री सिंह ने सरल और सहज हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हुए विभागीय कार्यों में हिंदी टेम्पलेट्स के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने एचआरएमएस प्रणाली में कर्मचारियों के विवरण एवं आवेदन पत्रों में भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। बैठक के दौरान वर्ष 2025 में हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा वाक् प्रतियोगिता के मंडल एवं कारखाना स्तर पर विजयी 18 कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 6 कर्मचारियों को वर्ष 2021 के लिए व्यक्तिगत नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में अपर महाप्रबंधक महोदय द्वारा पूर्व रेलवे की त्रैमासिक पत्रिका 'प्रतिबिंब' के जनवरी-जून 2025 संयुक्त अंक का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में डॉ. मधुसूदन दत्त ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की औपचारिक समाप्ति की घोषणा की।

# बेरोजगार शिक्षकों, सरकारी कर्मचारियों ने नौकरी बहाली और डीए वृद्धि की मांग पर हावड़ा में निकाली रैली

## पुलिस ने बीच रास्ते में अभियान को रोका, तेलकलघाट रोड पर प्रदर्शनकारियों का धरना

**हावड़ा, समाज्ञा :** सैकड़ों बेरोजगार स्कूली शिक्षकों और राज्य सरकार के सेवारत कर्मचारियों ने सोमवार को राज्य सचिवालय 'नवान्न' की प्रतिकृति और तख्तियां लेकर हावड़ा की सड़कों पर रैली निकाली और नौकरी की बहाली एवं महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि की मांग की। रैली का आयोजन 'संग्रामी जोथो मंच' ने किया, जो बेरोजगार स्कूली शिक्षकों और राज्य सरकार के सेवारत कर्मचारियों का एक संयुक्त मंच है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए फोरशोर रोड पर स्टील के दो ऊंचे बैरिकेड लगाए थे, जिसके बाद रैली में शामिल लोग सड़क पर बैठ गए और कहा कि जब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी मांगों पर विचार नहीं करतीं, वे तब तक वहां से नहीं हटेंगे। रैली का नेतृत्व कर रहे मंच के संयोजक आशीष खमरूई ने कहा कि हमारी मांगों में 26,000 शिक्षकों की बहाली शामिल है, जो उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद बेरोजगार हो गए हैं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर तत्काल भर्ती की जानी चाहिए। खमरूई ने कहा कि हम पिछले तीन साल से मध्य कोलकाता के शहीद मीनार इलाके में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो हम अनिश्चित काल तक यहीं सड़क पर बैठने के लिए तैयार हैं। राज्य कर्मचारी आशीष बनर्जी ने कहा कि ममता सरकार शीर्ष अदालत के हालिया आदेश के अनुसार महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि अब वे हमारी रैली के बारे में कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश का हवाला दे रहे हैं, जबकि अदालत ने हमें रैली निकालने से कभी मना नहीं किया। उसने सिर्फ इतना कहा था कि प्रदर्शन से मंगला हाट जैसी सार्वजनिक जगहों पर कोई व्यवधान नहीं पैदा होना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने और वापस जाने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी वहीं डटे रहे। पुलिस के एक अधिकारी ने लाउडस्पीकर पर घोषणा की कि हमें कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, क्योंकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा शहर क्षेत्र में लोगों को एकत्र होने की अनुमति नहीं दी है। कृपया कानून का पालन करें। इस घोषणा का प्रदर्शनकारियों पर ज्यादा असर नहीं हुआ, क्योंकि वे सड़क पर ही डटे रहे, जबकि पुलिस और आरएएफ के जवान पास में ही खड़े थे।




## बीजेपी में जिला कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेज, 1 से 4 अगस्त तक चलेंगी अहम बैठकें

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीजेपी ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के 43 जिलों में जिला कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में पार्टी 1 अगस्त से 4 अगस्त तक चार दिवसीय मैराथन बैठकें आयोजित करेगी। इन बैठकों में राज्य नेतृत्व के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक भी भाग लेंगे, जो कमेटी गठन की दिशा और प्रक्रिया को अंतिम रूप देंगे। मार्च और अप्रैल में पार्टी ने 39 जिलों में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद कई जिलों में अभी तक पूरी कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है। इन अधूरे जिलों में कमेटियों के गठन के लिए बैठकें अहम मानी जा रही हैं। वहीं, दार्जिलिंग, घाटाल, बनगांव और बैरकपुर जैसे चार संगठनात्मक जिलों में अब तक अध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, अब इन जिलों में अध्यक्ष के चयन से लेकर पूरी कमेटी के गठन तक का काम प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठकों में राज्य और जिला स्तर पर मोर्चा संगठनों की नई कमेटियों पर भी विचार किया जाएगा। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि कमेटियों में केवल वही नेता शामिल किए जाएंगे जो जनप्रिय हों, साफ-सुथरी छवि रखते हों, राष्ट्रवादी सोच से प्रेरित हों और जिनका किसी भी तरह के भ्रष्टाचार या विवादों से कोई संबंध न हो।

### शादी का झांसा देकर ठगी, युवती से मिलने पहुंचे युवक का मोबाइल और रुपये गायब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यू बैरकपुर के रहने वाले सुदीप बोस नामक युवक एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए जिया सिंह नाम की एक युवती के संपर्क में आया। दोनों के बीच बातचीत हुई और एक जुलाई को एक होटल में मिलने का तय हुआ था। सुदीप का आरोप है कि होटल में युवती ने उसे चाय पिलाई, जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया। जब होश आया, तो उसका मोबाइल फोन और जेब में रखे सारे पैसे गायब थे। कुछ दिनों तक खुद से खोजने का प्रयास करने के बाद आखिरकार रविवार को सुदीप ने एयरपोर्ट थाने में युवती के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 123, 303(2), 316(2) और 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जिया सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## तैराकी करने आए दो बच्चे नदी किनारे फंसे, पुलिस की सूझबूझ से बची जान

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर थाना अंतर्गत ठाकुरबाड़ी इलाके के दो किशोर बिना किसी को बताए सोमवार को हुगली नदी में तैरने चले गए। खेल-खेल में दोनों बच्चे नदी के किनारे फंस गए और खुद से बाहर निकलने में असमर्थ हो गए। स्थानीय लोगों ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत श्रीरामपुर थाने को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्टीमर की मदद से मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और दोनों किशोरों को सकुशल बाहर निकाल लिया। गौरतलब है कि श्रीरामपुर पुलिस प्रशासन पहले भी कई बार नदी में तैरने या नहाने से बचने की चेतावनी जारी कर चुका है। इसके बावजूद कई अभिभावक बच्चों पर नजर नहीं रखते, जिससे इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं। श्रीरामपुर पुलिस ने एक बार फिर



अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नदी किनारे अकेले न जाने दें और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है, जिससे पानी का बहाव बेहद तेज हो जाता है। ऐसे में छोटे बच्चों का नदी में तैरना या नहाना नादानी नहीं बल्कि जानलेवा साबित हो सकता है।

# रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए बंगाल में एसआईआर किया जाना चाहिए : शुभेंदु अधिकारी

## मगरा में भाजपा की 'नारी सुरक्षा यात्रा' में भाजपा विधायक ने लिया भाग

**हुगली, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले 'रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों' को बाहर करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाना चाहिए। हुगली जिले के मगरा में भाजपा की 'नारी सुरक्षा यात्रा' में भाग लेते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शासन में महिलाओं पर कथित हमलों और दुर्व्यवहार के खिलाफ अपना विरोध तेज करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी 9 अगस्त को 'नवान्न अभियान' (राज्य सचिवालय तक मार्च) का भी समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मार्च का आयोजन



ठीक एक साल पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के लिए न्याय की मांग के लिए किया जाएगा। एसआईआर के बारे में पूछे जाने पर शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य में इसकी बहुत आवश्यकता है। 17 लाख रोहिंग्या/बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम सूची से हटा दिए जाएंगे, जिन्हें ममता सरकार ने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने के लिए फर्जी दस्तावेज दिए थे। उन्होंने दावा किया कि इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि तृणमूल कांग्रेस किस तरह अनुचित तरीकों से चुनाव जीतती रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल कर दिया जाएगा। शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल प्रमुख पर विभिन्न राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के अभियान को सांप्रदायिक रंग देकर गलत व्याख्या करने और यहां तक कि 'लोगों को गुमराह करने के लिए राज्य के संसाधनों का उपयोग करके' बीरभूम में एक रैली आयोजित करने का आरोप लगाया। उन्होंने ममता बनर्जी के बारे में कहा कि रैली में ज्यादा भीड़ नहीं थी। ममता बनर्जी हताश हो गई हैं। वह दीवार पर लिखी इबारत को समझ सकती हैं। उन्होंने बेरोजगार शिक्षकों और राज्य सरकार के आंदोलनकारी कर्मचारियों की रैली के प्रति उदासीन रहने के लिए ममता की आलोचना की और कहा कि वह कहीं और व्यस्त रहीं, जबकि प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठे रहे। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशियों सहित अवैध प्रवासियों को सामूहिक स्थायी निवास प्रमाण पत्र जारी करके मतदाता का दर्जा प्राप्त करने में मदद कर रही है। उन्होंने कई संवेदनशील सीमावर्ती जिलों में नये मतदाता पंजीकरण में असामान्य वृद्धि का हवाला दिया।

# नदिया में प्रतियोगिता के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कालीगंज इलाके में फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया और झगड़े के दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया। बाद में, उस व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजीत घोष (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी परिमल राजवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, संजीत घोष फरीदपुर गांव का निवासी था। जबकि, परिमल राजवार करालिया पुर्वपाड़ा का निवासी है। दोनों एक-दूसरे को जानते हैं। कई दिन पहले संजीत घोष ने परिमल राजवार से ब्याज पर 20 हजार रुपये उधार लिया था। आरोप है कि उसने कुछ पैसे लौटा भी दिए, लेकिन ब्याज के कारण वह रकम काफी बढ़ गई थी।



संजीत वह पैसा चुका नहीं पा रहा था। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इतना ही नहीं, यह भी आरोप है कि संजीत पर पैसे के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पता चला है कि रविवार की शाम, कालीगंज के साधुगंज मैदान में एक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। दोनों दर्शक के रूप में मैदान में मौजूद थे। पता चला है कि खेल के दौरान दो व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया। कथित तौर पर, विवाद के दौरान, परिमल ने संजीत की गर्दन पर एक धारदार हथियार से प्रहार किया। व्यक्ति लहूलुहान अवस्था में गिर गया। अन्य लोगों में हंगामा मच गया। आरोपी को मैदान पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। घायल व्यक्ति को बचाया गया और पहले कालीगंज ब्लॉक प्राथमिक अस्पताल ले जाया गया। जब उसकी शारीरिक स्थिति बिगड़ गई, तो उसे बाद में शक्तिनगर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। रात में उस व्यक्ति की वहां मृत्यु हो गई। घटना के तुरंत बाद, कालीगंज थाने को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सावन के तीसरे सोमवार को कावड़ियों से पटी तारकेश्वर की पवित्र भूमि

## लाखों श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को अर्पित किया गंगा जल, झूम उठा शिवधाम

**हुगली, समाज्ञा :** सावन के पावन तीसरे सोमवार को तारकेश्वर धाम की धरती पूरी तरह कांवड़मय हो गई। बंगाल के विभिन्न जिलों, अन्य राज्यों और बांग्लादेश से आए लाखों भोले भक्तों ने बाबा तारकेश्वर को गंगाजल अर्पित कर रुद्राभिषेक किया। कांवड़ यात्रा में शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, भगवान राम, माता सीता, जानकी, और काली मां की भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। बारिश ने श्रद्धालुओं के उत्साह को और दोगुना कर दिया। बच्चा बम, युवा बम, वृद्ध बम और



दिव्यांग बम - हर आयु वर्ग के भक्तों ने आस्था के साथ जल यात्रा पूरी की। सेवड़ाफुली से लेकर तारकेश्वर मंदिर तक की सड़कें श्रद्धालुओं से अटी पड़ी रहीं। रातभर रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवकों ने नाच-गाकर कांवड़ियों का स्वागत किया, साथ ही उनके लिए जलपान और विश्राम की व्यवस्था भी की।

### पानीहाटी में भगवान शिव पर जल चढ़ाने के दौरान गंगा में डूबे शिक्षक

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रावण के तीसरे सोमवार को एक शिक्षक अपनी पत्नी के साथ भगवान शिव पर जल चढ़ाने के दौरान गंगा में डूब गया। दुखद घटना उत्तर 24 परगना जिला के पानीहाटी के बारो मंदिर घाट पर हुई। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, लापता व्यक्ति का नाम आलोकेश घोष (38) है। उनका घर पानीहाटी के मिलनगढ़ इलाके में है। वह पानीहाटी के रामकृष्ण हाई स्कूल में रसायन विज्ञान के शिक्षक हैं। पता चला है कि इस दिन, सुबह में आलोकेश अपनी पत्नी के साथ बारो मंदिर घाट पर भगवान शिव के सिर पर जल चढ़ाने गए थे। इससे पहले, उनकी पत्नी गंगा में स्नान करने गई थीं और दंपति नदी में डूब गए। मौजूद स्थानीय लोगों ने बांस की छड़ें फेंककर किसी तरह पत्नी को बचा लिया, लेकिन शिक्षक नहीं मिले। खड़दह थाने की पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग ने उनकी तलाश की, लेकिन शाम तक शिक्षक का पता नहीं चल सका।

## न्यूटाउन में पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई ने बड़े भाई की हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** इको पार्क थाना अंतर्गत न्यूटाउन के हतियाड़ा पश्चिमपाड़ा में रविवार की रात मामूली कहासुनी में चचेरे भाई ने युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक का नाम शफीकुल नूर इस्लाम है। इलाके के सभी लोग उसे बाबू कहकर बुलाते थे। बताया गया है कि गत रविवार की रात वह अपने बड़े भाई शेख नफीज अहमद उर्फ बच्चू के घर के सामने चिल्ला रहा था। उसने उन्हें अस्पष्ट भाषा में गालियां भी दीं। उसी समय बच्चू घर से बाहर आया और अपने भाई को उत्पात मचाने से मना किया। इस पर, झगड़ा शुरू हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों भाईयों के बीच हाथापाई हो गई। इसी दौरान, बाबू ने अचानक अपनी जेब से चाकू निकाला और अपने भाई पर वार करना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने उसे हिरासत में लिया और थाने को सूचना दी। पुलिस ने आकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी तरफ, शेख नफीज अहमद को लहूलुहान हालत में बागुईआटी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बच्चू की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इको पार्क थाना पुलिस ने घटनास्थल समेत पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि यह घटना किसी पुराने जमीनी विवाद के चलते हुई होगी। जांचकर्ता यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर इतनी हिंसक घटना क्यों हुई।

## बैतुल्लाह शेख हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने नेपाल भागने से पहले ही दबोचा

**बीरभूम :** तृणमूल नेता बैतुल्लाह शेख की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मल्लारपुर थाना अंतर्गत बिशिया गांव में हुए इस बम कांड के मुख्य आरोपी सागर शेख को पुलिस ने नेपाल भागने से पहले गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि गत 19 जुलाई की शाम बैतुल्लाह शेख की तीन बमों से बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के बाद से सागर शेख फरार था और बिहार के योगबनी इलाके में छिपा हुआ था। वह वहां से नेपाल भागने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह नेपाल सीमा के करीब पहुंच चुका है। सूचना मिलते ही मल्लारपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर




लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी सागर शेख ने कैमरों के सामने बैतुल्लाह शेख की हत्या की बात कबूल कर ली। सागर शेख ने दावा किया कि उसने अकेले ही वारदात को अंजाम दिया था और उसके भाई जब तक घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक वह बैतुल्लाह को खत्म कर चुका था। उसका कहना है कि अगर भाई समय पर पहुंच जाते तो वे उसे रोक सकते थे और बैतुल्लाह शेख की जान बच सकती थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश में जुटी है कि इस हत्याकांड के पीछे कोई राजनीतिक साजिश या बड़ा षड्यंत्र तो नहीं था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि सागर शेख को फरारी के दौरान किन-किन लोगों का सहयोग मिला।

## डोमकल में हथियारों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के जखीरे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गत रविवार की रात झाउबेरिया मुहर्रमटोला मैदान के पास की गई, जहां पुलिस ने छापा मारकर असरफुल मंडल उर्फ इस्लाम (52) को गिरफ्तार किया। आरोपी मुर्शिदाबाद के जुगिंडा मल्लोपारा इलाके का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, असरफुल मंडल के पास से एक 7 मिमी की देसी पिस्तौल, 7 मिमी के चार जिंदा कारतूस, और 12 बोर के 98 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इतनी बड़ी संख्या में कारतूसों की बरामदगी से पुलिस भी हैरान है और मामले की गहन जांच में जुट गई है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अदालत में उसकी हिरासत की अर्जी दायर की, जिसके बाद उसे आज न्यायालय में पेश किया गया।

### बारुइपुर में चोरी के दौरान वृद्धा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुइपुर में चोरी के दौरान एक वृद्ध महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को पियाली इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी पर चोरी के कई मामले दर्ज हैं। बताया गया है कि कुछ दिन पहले आरोपी एक घर में चोरी करने गया था। वृद्ध महिला उसी घर में रहती है। उसने यह सब देखा और उसे रोकने की कोशिश की। आरोप है कि उसका मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। फिर, आरोपी बाइक भी चुराकर भाग गया। इसके बाद, परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें पुलिस को आरोपी के हाथ में कंगन दिखाई दिया। उस कंगन को देखकर पुलिस ने आरोपी की पहचान की। उसे पियाली इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

# विवेक विहार हावड़ा में पंच दिवसीय हनुमंत कथा का भव्य समापन

**हावड़ा, समाज्ञा :** माहेश्वरी महिला संगठन, हावड़ा द्वारा आयोजित पंच दिवसीय हनुमंत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन शनिवार को पूर्णाहुति के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन विवेक विहार स्थित जूट क्लब हाउस में किया गया था, जिसमें संगठन की पदाधिकारी एवं सदस्याओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्य यजमान निर्मला मनमोहन मल्ल, कुसुम प्रकाश मूंदड़ा, मीना किशोर राठी, कांता राम गोपाल मर्दा तथा सह यजमान पिंकी दीपक सिंघानिया और प्रीति संजय तापड़िया ने विधिवत् वेदी पूजन, गणेश अर्चना तथा मां लक्ष्मी की अर्चना की।

कथा का शुभारंभ 22 जुलाई को परम पूज्य महंत भरत शरण जी (रामायणी, वृंदावन) के मुखारविंद से हुआ। कथा के प्रथम दिन हनुमान तत्व, द्वितीय दिन हनुमान




जन्मोत्सव, तृतीय दिन सुग्रीव पर कृपा, चतुर्थ दिन भक्ति पाने की यात्रा तथा पंचम दिन सुंदर कांड की सुंदरता पर व्याख्यान हुआ। कथा वाचक श्री भरत शरण जी ने हनुमान जी की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने राम जी को सीता जी का संदेश देकर उन्हें प्रसन्न किया और लंका से लौटने के बाद राम नाम के बल पर समुद्र पार करने जैसे चमत्कार किए। उन्होंने यह भी बताया कि श्री हनुमान जी ने न केवल लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा की, बल्कि भरत जी को श्रीराम व सीता माता के आगमन का शुभ संदेश देकर उनके मन को भी शांति प्रदान की।

कथा विश्राम के अवसर पर 50 बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर कथा स्थल की शोभा बढ़ाई और श्रीमद्भगवद्गीता के बारहवें अध्याय का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। व्यास पीठ की विधिवत् पूजा अर्चना की गई। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में हावड़ा सभा, हावड़ा युवा मंच और मध्य कोलकाता के अनेक प्रमुख गणमान्य अतिथियों एवं सदस्यों की भी उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथि के रूप में धनेश्वरी देवी तथा विशिष्ट अतिथि तारामणि जगदीश प्रसाद सोमानी, सह यजमान घनश्याम दास तापड़िया, प्रसाद यजमान नोरी झंवर, बसंती देवी डागा, मदन गोपाल मर्दा, हावड़ा सभा से उपाध्यक्ष अल्केश बजाज, बृज कुमार बलदेवा, शिवकुमार राठी मुकेश शारड़ा, हावड़ा युवा मंच से रोहित राठी, रोहित भट्टड़, नारायण चांडक, राजीव लखोटिया, मनीष मोहता मध्य कोलकाता अध्यक्ष श्याम बागड़ी, स्वागत समिति सरोज झंवर, उषा बाहेती, सरोज राठी, अंजू राठी, शुभम लड्ढा, अनीता माहेश्वरी की भक्तिमय उपस्थिति रही। संचालन का दायित्व हावड़ा अंचल मंत्री भगवती बागड़ी ने पूरे पांचों दिन बखूबी निभाया। समापन अवसर पर सभी भक्तगणों ने श्री हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए उनकी शरण में रहने का संकल्प लिया।

## श्री विश्वेश्वर नाथ का हुआ रुद्राभिषेक



**हुगली, समाज्ञा :** श्री श्री विश्वेश्वर नाथ मंदिर मखला दलुईपाड़ा मे सार्वजनिक सामूहिक रुद्राभिषेक का भव्य पावन पवित्र अनुष्ठान आयोजित किया गया जिसमें नगर के कई परिवारों ने महादेव को रुद्राभिषेक कर पुण्य का भागी बने और यह उत्सव महोत्सव में बदल गया। पंडित बिनय तिवारी एवं उनके सहभागी पंडितों के वैदिक मंत्र द्वारा पूजा पाठ का विधान संपन्न हुआ। मंदिर का प्रांगण और आसपास का क्षेत्र भक्ति मय वातावरण से सुसज्जित था। मंदिर का साज सजा संजय घोष द्वारा किया गया। भजन गायक तेज नारायण पांडेय एवं उनके साथियों ने अपने संगीतमय भजन से सारे श्रद्धालुओं को मनमुग्ध कर दिया। इस आयोजन के प्रमुख भूमिका में मंदिर समिति के अध्यक्ष उदय भान सिंह, सचिव नवीन पाठक, कोषाध्यक्ष राधेश्याम भरपूर सहयोगियों मे शामिल थे। अभिषेक सिंह, अभिजीत सिंह, झुना राय, दिलीप मिश्रा, तारकेश्वर सिंह, मुख्य यजमान के रूप में उदयभान सिंह और पुष्पा सिंह तथा उनके साथ नगर के कई गणमान्य भक्तगणों का भरपूर साथ रहा।

### पांशकुड़ा में हॉस्टल से 11वीं कक्षा की छात्रा का लटकता शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के पांशकुड़ा में छात्रावास से 11वीं कक्षा की एक छात्रा का लटकता हुआ शव बरामद हुआ। यह घटना पांशकुड़ा नंबर 1 ग्राम पंचायत क्षेत्र के मेशोग्राम स्थित वीणापाणि गुरुकुल छात्रावास एवं ट्रस्ट में हुई। मृतका का नाम कुनामी टुडू (17) है। वह जिले के कलाईकुंडा की निवासी थी। पता चला है कि छात्रा आवासीय विद्यालय के 11वीं कक्षा के विज्ञान विभाग में पढ़ती थी। परिवार का दावा है कि पिछले कुछ दिनों से उसके सहपाठियों के साथ विवाद चल रहा था। इसके अलावा, छात्रावास अधिकारियों की ओर से लापरवाही भी सामने आई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हाथरस सामूहिक बलात्कार मामला: राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई 21 अगस्त को

**हाथरस (उप्र):** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की 2020 के हाथरस बलात्कार कांड में बरी हुए आरोपियों को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में दायर मानहानि मामले में स्थानीय अदालत ने सोमवार को उनके खिलाफ सुनवाई की अगली तारीख 21 अगस्त तय की। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) दीपक नाथ सरस्वती की सांसद/विधायक अदालत में रवि, राम कुमार उर्फ रामू और लवकुश की ओर से तीन मामले दायर किए गए थे। इन लोगों पर वर्ष 2020 में हुए हाथरस सामूहिक बलात्कार कांड में मुकदमा दर्ज किया गया था मगर बाद में अदालत ने उन्हें आरोपों से बरी कर दिया था।

### काला हिरण शिकार मामला: राजस्थान उच्च न्यायालय में सलमान खान की अपील पर 22 सितंबर को सुनवाई

**जोधपुर:** राजस्थान उच्च न्यायालय ने काला हिरण शिकार मामले में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ अभिनेता सलमान खान की अपील पर सुनवाई के लिए सोमवार को 22 सितंबर की तारीख तय की। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गर्ग अभिनेता सैफ अली खान, तब्बू, सोनाली बेंद्रे, नीलम और स्थानीय निवासी दुष्यंत सिंह सहित सह-आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ राज्य सरकार की अपील की अनुमति के लिए अर्जी (लीव टू अपील) के साथ-साथ खान की अपील पर भी सुनवाई करेंगे। निचली अदालत ने पांच अप्रैल 2018 को अभिनेता को दोषी ठहराया और उन्हें पांच साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

### पंजाब में वैन के नहर में गिरने से आठ लोगों की मौत

**लुधियाना:** पंजाब के लुधियाना जिले में जगेरा पुल के पास एक वैन के सरहिंद नहर में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार रात को हुई, जब लगभग 30 श्रद्धालुओं का एक समूह हिमाचल प्रदेश स्थित माता नैना देवी मंदिर के दर्शन करके लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि वैन नहर में तब गिर गई, जब उसके चालक ने एक अन्य वाहन से आगे निकलने की कोशिश करते समय गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया।

# उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले नेता बन गए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो मुख्यमंत्री पद पर आठ वर्ष और 127 दिन तक आसीन रहे थे। इसके मुकाबले, आदित्यनाथ अब तक आठ वर्ष, चार माह और 10 दिन का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपराध पर लगाम कसने और राज्य को 'नए उत्तर प्रदेश में बदलने की दिशा में काम किया है। बयान में आदित्यनाथ सरकार की गत आठ सालों की योजनाओं को गिनाते हुए बताया गया है कि इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। इसमें कहा गया है कि गोरखपुर में एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई बड़ी परियोजनाएं इसके उदाहरण हैं। बयान में दावा किया गया है



कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में पीड़ितों की शिकायत सुनी, निस्तारण के निर्देश दिए

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए प्रदेशभर से लगभग 60 से अधिक फरियादियों की शिकायत सुनी और संबंधित अधिकारियों को उसके निस्तारण के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थनापत्र लिया और समाधान के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। 'जनता दर्शन' में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामले आए, जिस पर प्रार्थनापत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिया।

## आतंकवाद के प्रति मोदी की नीति के कारण अब कोई भी आतंकी कहीं भी सुरक्षित नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए दावा किया कि आतंकवाद के प्रति उनकी (मोदी) 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के कारण अब कोई भी आतंकी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक बार फिर पाकिस्तान समेत समूची दुनिया को जता दिया है कि जब भारत की सेना गरजती है, तो पाकिस्तान और उसकी खुराक पर पलने वाले आतंकी शिविरों में सन्नाटा पसर जाता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है जब संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा हो रही है। भारतीय जनता पार्टी के नेता मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद अब 'ऑपरेशन सिंदूर' की विजय ने आतंकवाद की जड़ों को हिला कर रख दिया है। लेकिन देश में विपक्ष के नेता



श्री राहुल गांधी और उनकी 'सदाबहार मंडली' के मानस पर इसका 'गहरा आघात' लगा है। मौर्य ने कहा इससे परेशान होकर उन्होंने भारतीय सेनाओं और उनके शौर्य पर ही सवाल उठा दिया है। भारत और पाकिस्तान के किसी भी मामले में वे पाकिस्तान के पक्षकार बन जाते हैं। उप मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व का बारंबार अभिनंदन है।

## पूर्व सांसद के बेटे और पूर्व विधायक के बीच हिंसक झड़प में 10 लोग घायल

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के बेटे और पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह के बीच हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम हुई इस घटना में दोनों पक्षों की शिकायत पर जान लेने की नीयत से हमला, बलवा, डकैती आदि के आरोप में कुल 26 लोगों के खिलाफ नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोनबरसा गांव के निवासी प्रशांत उपाध्याय की तहरीर पर बैरिया क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, उनके बेटे हजारी सिंह समेत 18 नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार, 'प्रशांत उपाध्याय ने तहरीर में आरोप लगाया कि वह पचरखिया घाट पर एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जहां पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह भी पहुंचे। दुख का माहौल होने के कारण किसी ने बातचीत नहीं की तो सुरेन्द्र सिंह अपशब्द बोलते हुए वापस हो गए।' प्राथमिकी में आरोप लगाया, 'अंतिम संस्कार के बाद घर लौटते समय देवराज ब्रम्हमोड़ पर सुनियोजित तरीके से उनके (प्रशांत उपाध्याय के) और साथ आ रहे लोगों के वाहनों को घेर लिया तथा ईंट-पत्थर, लाठी-डंडे, धारदार हथियार से हमला कर दिया। सुरेन्द्र सिंह ने पिस्तौल लहराते हुए उन पर गोली चलाई जो कान को छूते हुए निकल गई। कई लोगों को चोटें आई हैं और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।'

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में 11 अगस्त से प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर प्रतिबंध

**वाराणसी (उप्र):** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने पोस्टर जारी कर इस धाम में प्लास्टिक सामग्री को 11 अगस्त से प्रतिबंधित करने की घोषणा की है। पोस्टर में कहा गया कि 11 अगस्त से परिसर में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक पात्र के साथ प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर परिसर और उसके आस पास लगाए पोस्टर में दर्शनार्थियों से अनुरोध किया गया है कि धाम के परिसर को स्वच्छ, पवित्र और प्लास्टिक मुक्त बनाये रखने में सहयोग करें। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि अब श्रद्धालु प्लास्टिक के किसी भी तरह के पात्र में बाबा को जल अर्पित नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए सावन के पहले दिन से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को बताया जा रहा है कि वह जल या कोई भी सामान प्लास्टिक के पात्र में लेकर प्रवेश न करें।

## बिहार में 'डॉग बाबू' के नाम से निवास प्रमाण पत्र जारी, आवेदक और अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिये गए

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना में हाल में 'डॉग बाबू' के नाम से आवास प्रमाण पत्र जारी करने का अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। इसपर पिता नाम 'कुत्ता बाबू', माता का नाम 'कुटिया देवी' लिखा है। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद प्रशासन ने सभी संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और निवास प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया गया है। निवास प्रमाण पत्र पिछले सप्ताह मसौढ़ी अंचल में जारी किया गया था, जो इसी नाम के अनुमंडल के अंतर्गत आता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान दस्तावेजों के लिए मची होड़ के चलते जारी किया गया। बिहार लोक सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत, नागरिक निवास प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और उचित सत्यापन के बाद संबंधित अधिकारी इसे जारी करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रमाण पत्र का स्क्रीटशॉट वायरल है, जिसमें लिखा है, 'डॉग बाबू', पिता 'कुत्ता बाबू', माता 'कुटिया देवी'।' इसके बाद कई लोग इसे लेकर सवाल उठा रहे हैं कि इस तरह की मूर्खता होने देने के बजाय, निर्वाचन आयोग आधार कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार क्यों नहीं कर रहा है, जैसा कि हाल में उच्चतम न्यायालय ने सुझाव दिया है। जिला प्रशासन ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि मसौढ़ी अंचल में 'डॉग बाबू' के नाम से निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने का मामला प्रकाश में आया है। जिला प्रशासन ने कहा, 'मामला संज्ञान में आते ही उक्त निवास प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया है।'

## न्यूज अपडेट

### बिहार में दलित लड़की से दुष्कर्म के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (बिहार):** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक दलित लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप में खराब मोबाइलों को ठीक करने की दुकान के मालिक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, औराई थाना क्षेत्र निवासी लड़की शनिवार को अपना फोन ठीक करवाने के लिए घर से बाहर गई थी, जिसके बाद से वह लापता हो गई थी। लड़की के वापस नहीं लौटने पर उसके पिता ने रविवार को औराई थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया कि उन्हें लड़की के अपहरण का संदेह है। पुलिस द्वारा गहन तलाशी शुरू किए जाने के बाद लड़की गांव से कुछ दूरी पर बेहोश पड़ी मिली। कथित अपराधियों ने लड़की को इस स्थान पर लाकर फेंक दिया था और उसके सिर पर रॉड से भी प्रहार किया था। लड़की को चिकित्सा जांच और उपचार के लिए मुजफ्फरपुर शहर के एसकेएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मोबाइल की दुकान के मालिक और उसके सहयोगी को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### झारखंड सरकार आगामी विधानसभा सत्र में विपक्ष के सभी सवालों का सामना करने को तैयार : मंत्री

**रांची:** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकार एक अगस्त से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और कृषि विश्वविद्यालयों को छोड़कर सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक व्यापक अधिनियम बनाने संबंधी विधेयक सत्र के दौरान पेश किया जाएगा। सिंह ने मीडियाकर्मियों से कहा, ''सरकार मानसून सत्र के लिए तैयार है। सदन में एक अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। पिछले सत्र के कई मुद्दे भी उठेंगे। हम चाहते हैं कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। मानसून सत्र में पांच कार्यदिवस होंगे, जो सात अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा, 'इस सत्र के दौरान झारखंड विश्वविद्यालय विधेयक भी सदन में पेश किया जाएगा। यह विधेयक उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। हमें उम्मीद है कि विपक्ष भी विधेयक पारित कराने में सहयोग करेगा।'

### धनबाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारी

**धनबाद (झारखंड):** झारखंड का धनबाद शहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 31 जुलाई से शुरू होने वाले राज्य के आगामी दो दिवसीय दौरे के दौरान उनके स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू एक अगस्त को यहां 99 साल पुराने आईआईटी इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आईएसएम) के 45वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि धनबाद कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रपति एम्स, देवघर के पहले दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू के दौरे के मद्देनजर उपायुक्त आदित्य रंजन ने धनबाद हवाई पट्टी क्षेत्र को 31 जुलाई को सुबह 10 बजे से एक अगस्त को शाम छह बजे तक 32 घंटे के लिए 'नो-फ्लाइंग जोन' (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया है।

### बाराबंकी के अवसानेश्वर मंदिर में भगदड़ मचने से दो श्रद्धालुओं की मौत, 32 अन्य घायल

**बाराबंकी (उप्र):** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में स्थित अवसानेश्वर मंदिर में सोमवार को बंदरों द्वारा तोड़ा गया बिजली का तार गिरने से मची भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई और 32 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस ने बताया कि सावन के सोमवार को अवसानेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के दौरान बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे वहां टीन शेड में करंट आ गया और लोग घबरा गए। पुलिस ने बताया कि इसी से मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 32 से अधिक घायल हो गए। उसने बताया कि लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मुबारकपुरा गांव निवासी प्रशांत (22) और एक अन्य 30 वर्षीय श्रद्धालु की त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर की ओर जाने वाले सीढ़ी मार्ग पर मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत की घटना के एक दिन बाद हुई है।



## व्रत - त्योहार

**29.07.2025 : नाग पंचमी**
**30.07.2025 : कल्कि अवतार**
**31.07.2025 : गोस्वामी तुलसीदास जयंती**
**04.08.2025 : श्रावण सोमवार व्रत**


## पता नहीं क्यों मुझे 'प्रेम' शब्द सुनते ही सबसे पहले कृष्ण याद आते हैं

**सर्वेश तिवारी श्रीमुख**

वे कृष्ण, जो एक बार गोकुल छोड़ते हैं तो कभी मुड़ कर नहीं देखते भी गोकुल की ओर... न यमुना, न वृंदावन, न कदम्ब, न राधा, कोई उन्हें दुबारा खींच नहीं पाता। मथुरा-गोकुल से अधिक दूर नहीं है हस्तिनापुर। कृष्ण सौ बार हस्तिनापुर गए पर गोकुल नहीं गए। क्यों?

मुझे लगता है यदि कृष्ण दुबारा एक बार भी गोकुल चले गए होते तो उनके प्रेम की वह ऊंचाई नहीं रह जाती जो है। प्रेम देह की विषयवस्तु नहीं, आत्मा का श्रृंगार है। प्रेम जिस क्षण देह का विषय हो जाय, उसी क्षण पराजित हो जाता है। कृष्ण का प्रेम आत्मा का प्रेम था। वे कभी राधिका के साथ नहीं रहे। कृष्ण का स्मरण कर राधिका रोती रहीं, राधिका का स्मरण कर कृष्ण मुस्कुराते रहे। दोनों देह से दूर रहे पर दोनों की आत्मा साथ रही। तभी कृष्ण का प्रेम कभी पराजित नहीं हुआ। वे जगत के एकमात्रा प्रेमी हैं जिनका प्रेम अपराजित रहा...।

यह भी कितना अजीब है कि कृष्ण का स्मरण कर राधिका रोती रहीं, और राधिका का स्मरण कर कृष्ण मुस्कुराते रहे। वस्तुतः दोनों अपनी मर्यादा ही निभा रहे थे। पुरुष रो नहीं पाता। वह मर्मांतक पीड़ा भी मुस्कुरा कर सहता है। पुरुष होने का भाव पुरुष को अंदर ही अंदर मार देता है, फिर भी वह अपनी पीड़ा किसी को नहीं बता पाता। कृष्ण तो पूर्ण पुरुष के दावे के साथ आये थे, कैसे रोते?



रोये थे मेरे राम। पिता के लिए रोये, माता के लिए रोये, भाई के लिए रोये, पत्नी के लिए रोये, मित्रा के लिए रोये, मातृभूमि तक के लिए रोये।

लोगों को लगता है कि कृष्ण कोमल थे और राम कठोर। मुझे लगता है राम कोमल थे, कृष्ण कठोर...। राम ने सबको क्षमा कर दिया। चौदह वर्ष की कठोर पीड़ा देने वाली मंथरा तक को कुछ नहीं किया। कैकई के प्रति तनिक भी कठोर नहीं हुए पर कृष्ण ने किसी को क्षमा नहीं किया। दुर्योधन कर्ण तो छोड़िये, अपने सबसे प्रिय मित्रा अर्जुन तक को क्षमा नहीं किया। पत्नी का अपमान देखने का पाप किया अर्जुन ने तो उन्हीं के हाथों उनके कुल का नाश कराया।

राम क्षमा करना सिखाते हैं और कृष्ण दण्ड देना। जीवन के लिए यह दोनों कार्य अत्यंत आवश्यक हैं।

लोग पूछते हैं कि आखिर क्या कारण है कि विश्व की सारी सभ्यताएँ नष्ट हो गईं पर भारत अभी भी स्वस्थ है। मेरा यही उत्तर होता है कि भारत ने राम और कृष्ण दोनों को पूजा है, इसी कारण दीर्घायु है।

हाँ तो बात प्रेम की! या कहें तो बात कृष्ण की..., कहते हैं, कृष्ण ने उद्धव को गोकुल भेजा था गोपियों को ज्ञान सिखाने के लिए... क्या सचमुच? शायद नहीं। कृष्ण ने उद्धव को भेजा था ताकि उद्धव जब वापस लौटें तो उनसे गोकुल की कथा सुन कर एक बार फिर वे गोकुल को जी सकें। जो आनंद अपने प्रिय के बारे में किसी और के मुख से अच्छा सुनने में मिलता है, उसे याद करते रहने में मिलता है, वह आनंद तो प्रिय से मिलने में भी नहीं मिलता। है न?

कृष्ण ने विश्व को सिखाया कि प्रेम को जीया कैसे जाता है। कृष्ण अभी युगों तक प्रेम सिखाते रहेंगे।

मुझे लगता है जब-जब राधा कृष्ण की कथा लिखी गयी है तो केवल राधा की ओर से लिखा गया है। राधा का वियोग, राधा का समर्पण, राधा के अश्रु। किसी ने कृष्ण को नहीं लिखा। कृष्ण भले गोकुल नहीं गए पर जीवन भर उसी गोकुल के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हस्तिनापुर, इंद्रप्रस्थ, कुरुक्षेत्रा... नहीं तो कहाँ द्वारिका, कहाँ इंद्रप्रस्थ..।

यदि कभी कृष्ण के प्रेम को लिख सका तो... कन्हैया जाने। (उर्वशी)

## नाग पंचमी की पूजा में करें इन नियमों का पालन

सनातन धर्म में नाग पंचमी का त्योहार विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ नाग देवता की पूजा करने और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से जीवन के तमाम संकट दूर होते हैं। साथ ही सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह पूजा ग्रह दोषों से भी छुटकारा दिलाती है। इस वर्ष नाग पंचमी 29 जुलाई 2025, मंगलवार को मनाई जाएगी। आइए जानें इस दिन की पूजा विधि, आवश्यक सामग्री, शुभ मुहूर्त और मंत्र के बारे में।



**नाग पंचमी पूजा का शुभ मुहूर्त**

29 जुलाई को पूजा का शुभ मुहूर्त प्रातः 5:41 बजे से 8:23 बजे तक रहेगा। इस अवधि में नाग देवता की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है और कालसर्प दोष व सर्पदंश के भय से मुक्ति मिलती है। इस मुहूर्त में नाग देवता की विधिवत पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

**नाग पंचमी पूजा सामग्री**

पूजा के लिए आवश्यक सामग्री है, नाग देवता की तस्वीर या प्रतिमा, कुशासन, दही, देशी घी, शहद, गंगाजल, पंचामृत, इत्र, मौली, जनेऊ, दूध, फूल, पंचफल, सूखे मेवे, बेर, आम्र मंजरी, जौ की बालियां, तुलसी दल, मंदार फूल, गाय का कच्चा दूध, पूजा के बर्तन, पंच मिठाई, बेलपत्र, धतूरा, भांग, गन्ने का रस, कपूर, धूप, हल्दी, रोली, चावल और फल।

**नाग पंचमी पूजा विधि**

- प्रातःकाल स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें।
- घर और पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध करें।
- पूजा के स्थान पर साफ कपड़ा बिछाकर चौकी पर नाग देवता की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।
- नाग देवता को रोली, चावल, हल्दी, दूध और पुष्प अर्पित करें।
- घी या तिल के तेल का दीपक जलाकर विधिवत पूजन करें और नाग मंत्रों का जप करें।
- नाग पंचमी की कथा का श्रवण या पाठ करें।
- पूजा के अंत में नाग देवता की आरती उतारें और उन्हें दूध का भोग लगाएं।

**नाग पंचमी का महत्व**

इस दिन विशेष रूप से नौ प्रमुख नाग अनंत, वासुकी, शेष, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलिक, कर्कोटक और शंखपाल की पूजा की जाती है। मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन सांपों की पूजा कर उन्हें दूध अर्पित करने से कालसर्प दोष जैसे दोषों से मुक्ति मिलती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## प्राप्ति का ही दूसरा नाम है दान



**सीताराम गुप्ता**

दान वस्तुतः प्राप्ति का ही दूसरा नाम है बशर्ते कि देने की कला आती हो। आप जो देते हैं वही आपका है, शेष कुछ भी आपका नहीं। भौतिक जगत में भी यही होता है। दुनिया का नियम है इस हाथ दे, उस हाथ ले। प्रतिध्वनि बार-बार लौट कर आती है। न्यूटन के गति के नियम के अनुसार प्रत्येक क्रिया की विपरीत प्रतिक्रिया होती ही है। जो देता है, लौट कर उसके पास ही आता है।

जो लुटाने की कला जानता है, उसके पास इतना लौटकर आता है कि सँभाले नहीं सँभलता। जो ठगता है, लूटता है, मारता है, वह स्वयं ठगा जाता है, स्वयं लुट जाता है, स्वयं मारा जाता है। जो बाँटोगे, वही मिलेगा। हँसी बाँटोगे, हँसी मिलेगी, प्रसन्नता बाँटोगे, प्रसन्नता पाओगे, ज्ञान का दान करोगे, ज्ञानी बन जाओगे।

अथर्ववेद में भी तो कहा गया है कि सैंकड़ों हाथों से एकत्रित करो और हज़ारों हाथों से बाँटो। जब भी कोई चीज़ पाना चाहते हो तो उसे ही देना, उसे ही बाँटना प्रारंभ कर दो। सुख चाहते हो तो सुख बाँटना, दुख नहीं चाहते तो दुख मत बाँटना, किसी को शारीरिक या मानसिक पीड़ा मत पहुँचाना। जो दूसरों की पीड़ा को दूर कर सके, सुख दे सके, उसे ही सच्चे सुख की प्राप्ति होगी और ज़रूर होगी। जीवन में प्रेम का अभाव है तो प्रेम बाँटना शुरू कर दीजिए। जीवन प्रेम रस से सराबोर हो जाएगा।

जब भी हम कोई नई चीज़ सीखना या कंठस्थ करना चाहते हैं तो उसके लिए अभ्यास करना पड़ता है। यदि कोई चीज़ सीखना चाहते हो तो उसे दूसरों को सिखा दो। सिखाने के प्रयास में खुद सीख जाओगे। जो दूसरों को सिखाता है, वही वास्तव में सीखता है और जो दूसरों को शिक्षित करता है वही वास्तव में शिक्षित होता है। जो केवल अपने तक सीमित रहता है, कहाँ सीखता है? क्या सीखता है? क्या पाता है?

यदि कुछ पाना चाहते हो तो देना सीखना ही पड़ेगा। प्रकृति में भी यही नियम लागू होता है। अन्न और फल-फूल पाने के लिए धरती को बीज का दान देना पड़ता है। फिर वही दान सैकड़ों-हज़ारों गुना होकर लौटता है। ज़रूरत है तो बस इस बात की कि सही दान रूपी बीज का चुनाव करना आना चाहिए। देने के फलस्वरूप लेने वाला जो अनुभव करेगा, वही अनुभूति लौटकर आएगी। दूसरे की ज़रूरत को भी देखो, उसकी पसंद-नापसंद को भी देखो और उसकी मनोदशा को भी समझो। कहीं ऐसा न हो कि हमारा देना उसे कष्ट दे रहा हो। हर हाल में दूसरों को सुखी बनाना ही हमारे लिए श्रेयस्कर है।

दूसरों को सुखी बनाने में अपार कष्ट सहना पड़े तो भी सुख ही मिलेगा। ऐसा कष्ट वर्तमान में तथा भविष्य में सुख को आकर्षित करता है। एक रोगी की सेवा करके देखिए अथवा एक कमज़ोर बच्चे को परीक्षा के लिए तैयार कराइये अथवा किसी बेरोज़गार को रोज़गार दिलाने में या पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद कीजिए। इसके लिए आपको जो त्याग करना पड़ेगा, कष्ट उठाना पड़ेगा वह आपको सुखी ही करेगा, दुखी नहीं।

किसी को कुछ भी देना जो उसे प्रसन्नता प्रदान करे, दान का ही स्वरूप है और देने के फलस्वरूप जिस रूप में जो भी स्वाभाविक प्राप्ति होती है, वहीं से उपचार की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। (उर्वशी)

# मानसून में बारिश सामान्य से सात प्रतिशत अधिक पर विभिन्न क्षेत्रों में स्तर असमान रहा : आईएमडी

**नयी दिल्ली :** भारत में एक जून को मानसून की शुरुआत के बाद से सामान्य से सात प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई लेकिन वर्षा का स्तर विभिन्न राज्यों में असमान रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई। इस अवधि के दौरान देश में 418.9 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 447.8 मिमी वर्षा हुई, जिसमें क्षेत्रवार बारिश के स्तर में काफी भिन्नताएं थीं। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान, लद्दाख, नगालैंड, मणिपुर और सिक्किम में 'काफी अधिक' वर्षा दर्ज की गई है। राजस्थान में 200.4 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 384.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो 92 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार



लद्दाख (जहां आमतौर पर कम वर्षा होती है) में 10.7 मिमी वर्षा के मुकाबले 30 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक है। नगालैंड और मणिपुर में क्रमशः 514.5 मिमी और 457.9 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य के करीब है, जबकि सिक्किम में 598.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई जो सामान्य से 78 प्रतिशत अधिक है। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'अधिक' वर्षा (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत अधिक) हुई, उनमें मध्य प्रदेश, गुजरात, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, झारखंड और असम शामिल हैं। मध्य प्रदेश में 418.4 मिमी की तुलना में 645.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 54 प्रतिशत अधिक है। गुजरात में 463.2 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 35 प्रतिशत अधिक है, जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश में 1153.8 मिमी की तुलना में 1466.1 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 27 प्रतिशत अधिक है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, ओडिशा, गोवा, त्रिपुरा, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सहित अधिकांश राज्यों में 'सामान्य' वर्षा हुई है, जो औसत से 19 प्रतिशत के भीतर है।

# मतदाता सूची के एसआईआर से वैध मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा होगी: फडणवीस

**वर्धा :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से मतदाताओं की सटीक सूची उपलब्ध होगी। उन्होंने बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर की सराहना की। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की क्षेत्रीय बैठक के अवसर पर वर्धा में मीडिया को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने 2012 में मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण कराने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने आगामी मुंबई नगर निकाय चुनावों के लिए उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के बीच संभावित साझेदारी को तूल नहीं देते हुए कहा कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है। फडणवीस ने कहा, ''मुंबई की जनता ने महायुति का महापौर चुनने का फैसला कर लिया है। इसलिए, चाहे वे (शिव-



सेना-उबाठा और मनसे) एक साथ आएं या अलग-अलग लड़ें या कुछ भी करें, लेकिन महापौर महायुति गठबंधन से ही होगा।'' महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में भारतीय जनता पार्टी, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं। इससे पहले दिन में, उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर एक बार और हमेशा के लिए फैसला करेगा। फडणवीस ने न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''हम मतदाता सूची की एसआईआर की मांग कर रहे हैं। पिछले 20 वर्षों में, कई मतदाता नए आवासीय पते पर चले गए हैं, जबकि कुछ अन्यत्र चले गए हैं। कुछ नाम पुराने और नए पतों में शामिल हैं, जबकि कुछ लोगों की मृत्यु हो चुकी है।' उन्होंने निर्वाचन आयोग को (बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर के लिए) धन्यवाद दिया और कहा कि इस प्रक्रिया से मतदाताओं की सही सूची उपलब्ध होगी और मतदाता अधिकारों का कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा। फडणवीस ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की इस कथित टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की कि पहलगाम के पीछे आतंकवादी 'स्थानीय' हो सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### वीर नारियों और शहीदों की पत्नियों के समूह ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में वीर नारियों और शहीद सैनिकों की पत्नियों के एक समूह से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की गई हैं। इसमें कहा गया है, ''वीर नारियों और शहीद सैनिकों की पत्नियों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात का आयोजन 'आर्मी वीमन वेल्फेयर एसोसिएशन' ने किया था।'' राष्ट्रपति कार्यालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि इससे पहले दिन में हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने भी अपनी पत्नी मित्रा घोष के साथ मुर्मू से मुलाकात की।

### उत्तराखंड के 550 सरकारी स्कूलों को गोद लेंगे उद्योगपति

**देहरादून :** उत्तराखंड के करीब 550 सरकारी विद्यालयों को कॉरपोरेट समूह गोद लेकर उन्हें साधन संपन्न बनायेंगे जिसके लिए 30 जुलाई को समझौता-ज्ञापनों (एमओयू) पर दस्तखत किए जाएंगे। प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सोमवार को यहां बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार ने विभिन्न उद्योग समूहों से वार्ता कर पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उत्तराखंड राजभवन में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए राज्य के 550 से अधिक उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। मंत्री ने बताया कि इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल(सेवानिवृत्त)गुरमीत सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में कॉरपोरेट समूहों व शिक्षा विभाग के बीच राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को गोद लेने को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

### महाराष्ट्र में धर्म परिवर्तन की कोशिश में अमेरिकी नागरिक समेत दो लोग गिरफ्तार

**पुणे :** पुणे जिले के पिंपरी शहर में अमेरिका के एक नागरिक और उसके सहयोगी को वित्तीय मदद का वादा करके एक व्यक्ति का धर्मांतरण कराने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी उस व्यक्ति को इसाई धर्म में परिवर्तित कराने का प्रयास कर रहे थे। पिंपरी चिंचवाड़ पुलिस ने घटना में कथित भूमिका के लिए एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और बाद में उसे उसके माता-पिता को सौंप दिया। आरोपियों की पहचान कैलिफोर्निया निवासी शेफ़र जैविन जैकब (41) और पिंपरी चिंचवाड़ महानगर पालिका क्षेत्र निवासी स्टीवन विजय कदम (46) के रूप में हुई है। जैकब वर्तमान में पुणे में मुकाई चौक के पास रह रहा था।

### गूगल अधिकारियों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष गवाही दी

**नयी दिल्ली :** गूगल के प्रतिनिधियों ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्म के प्रचार से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गवाही दी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने बताया कि मेटा के अधिकारियों ने गवाही नहीं दी। ईडी ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की दोनों दिग्गज कंपनियों के अधिकारियों को पहले 21 जुलाई को बुलाया था। बाद में उनकी पेशी की तारीख बढ़ाकर 28 जुलाई कर दी गयी थी, क्योंकि उन्होंने पेश होने के लिए और समय मांगा था। सूत्रों ने बताया कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एजेंसी सोमवार को कंपनी से कुछ दस्तावेज प्राप्त करने के अलावा गूगल के एक नामित 'अनुपालन अधिकारी' का बयान भी दर्ज कर सकती है। गूगल के एक प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक बयान में कहा था कि कंपनी 'अपने मंच को सुरक्षित रखने और अवैध जुए के विज्ञापनों के प्रचार पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।''

# वंदे भारत ट्रेनों के लिए पटरियों के उन्नयन में हुआ बड़ा सुधार : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि वंदे भारत ट्रेनों के संचालन के लिए भारतीय रेल नेटवर्क पर पटरियों के उन्नयन के कार्य में बीते 10 वर्षों में बड़े पैमाने पर सुधार किया गया है जिससे उनकी गति क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के लिखित उत्तर में बताया कि वर्तमान में वंदे भारत ट्रेनें अर्ध-उच्च गति सेवाएं हैं, जिनकी गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा और अधिकतम परिचालन गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। उन्होंने बताया कि किसी भी ट्रेन की औसत गति ट्रैक की ज्योमेट्री, स्टेशनों पर रुकने की संख्या और सेक्शन में चल रहे रखरखाव कार्य जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है। मंत्री ने कहा कि पटरियों के उन्नयन के तहत रेलवे ने कई आधुनिक तकनीकों को अपनाया है, जिनमें चौड़े बेस वाले कंक्रीट स्लीपर, मजबूत वेब स्विच, लंबे रेल पैनल, एच-बीम स्लीपर, और आधुनिक ट्रैक नवीनीकरण और रखरखाव मशीनों का इस्तेमाल शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सभी उपायों के कारण रेल पटरियों की गति क्षमता में व्यापक वृद्धि हुई है, जिससे वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों का संचालन तेज और अधिक कुशल बन पाया है। वैष्णव ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है और व्यापक परीक्षण के बाद इस नए वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट को संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है।

# हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी, वित्त मंत्री एवं कोयला मंत्री से मुलाकात की

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें राज्य में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों एवं कल्याणकारी योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ।'' उन्होंने कहा, ''(मैंने) सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में असम की उल्लेखनीय प्रगति और प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के लगभग पूर्ण होने के बारे



में उन्हें जानकारी दी।'' शर्मा ने कहा कि उन्होंने ''असम के लोगों की ओर से आठ सितंबर को उनका (मोदी का) स्वागत करने के लिए उत्सुक होने से अवगत कराया। यह एक ऐसा क्षण होगा जो हमारे राज्य की विकास यात्रा में एक और मील का पत्थर साबित होगा।'' शर्मा ने प्रधानमंत्री को 'गमोसा' (असमिया गमछा) और कई स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी पर एक साल तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन करने और गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में देश के पहले बायो-इथेनॉल संयंत्र का लोकार्पण करने के लिए आठ सितंबर को असम की यात्रा करेंगे।

## मप्र : हड्डियों की गंभीर बीमारी से जूझ रही 52 वर्षीय शिक्षिका 'इच्छा मृत्यु' की मांग पर अड़ी

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के एक सरकारी विद्यालय की 52 वर्षीय शिक्षिका ने हड्डियों की अपनी गंभीर बीमारी से परेशान होकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। हालांकि, प्रशासन ने नैदानिक मनोवैज्ञानिक को महिला के पास भेजकर उचित परामर्श उपलब्ध कराया है, लेकिन वह टस से मस होने को तैयार नहीं है। इच्छामृत्यु के तहत दर्दनाक और लाइलाज बीमारी या शारीरिक अक्षमता पैदा करने वाली बीमारी से पीड़ित किसी व्यक्ति को बिना दर्द के मृत्यु दी जाती है। शहर के जबरन कॉलोनी के शासकीय सामुदायिक भवन प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका चंद्रकांता जेठवानी (52) ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वह पिछले कई बरसों से 'ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा' नाम की बीमारी से जूझ रही हैं। 'ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा' एक आनुवंशिक विकार है जो मरीज की हड्डियों के निर्माण को प्रभावित करता है जिससे हड्डियां बेहद कमजोर हो जाती हैं। जेठवानी ने कहा, ''मैंने इच्छा मृत्यु के लिए मीडिया के माध्यम से राष्ट्रपति से अनुरोध किया है। मैंने अपनी आंखें और शरीर पहले ही दान कर दिया है। मैं चाहती हूं कि मेरी मौत के बाद चिकित्सा के विद्यार्थी मेरी बीमारी के बारे में अनुसंधान करें।''

## डाक कांवड़ लेकर लौट रहे तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत

**मुरादाबाद (उप्र) :** मुरादाबाद जिले में सोमवार सुबह हरिद्वार से डाक कांवड़ (गंगाजल) लेकर लौट रहे बरेली के दो युवकों की एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि बरेली के आंवला थाना क्षेत्र के करुआ ताल गांव के निवासी आकाश (19), माधव राम (20) और अमर सिंह (20) रविवार को कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार गए थे और वे एक ही मोटरसाइकिल पर गंगाजल लेकर अपने गांव लौट रहे थे तथा रास्ते में मुरादाबाद में पराग फैक्टरी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस भीषण टक्कर में आकाश और माधव राम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद उसके गांव ले जाया गया और स्थिति सामान्य बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## वर्ष 2025 में अब तक एयरलाइनों में तकनीकी गड़बड़ी के 183 मामले दर्ज

**नयी दिल्ली :** देश में इस वर्ष अब तक विमानों में तकनीकी गड़बड़ी के 183 मामले सामने आए हैं, जबकि 2024 में ऐसे मामलों में लगभग छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। यह जानकारी सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को दी। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में (जून 2025 तक) विमानों में गंभीर खराबी के 2,094 मामलों की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि 12 जून 2025 को अहमदाबाद में एयर इंडिया के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 260 लोगों की मृत्यु हुई थी। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले महत्वपूर्ण हिस्सों की जांच और निरीक्षण की प्रक्रिया को और कड़ा कर दिया है ताकि प्रणालीगत खामियों की पहचान कर उन्हें दुरुस्त किया जा सके।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ओरिजिनल्स का दूसरा गाना 'सजना मेरा' लॉन्च

**कोलकाता/दुर्गापुर :** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ओरिजिनल्स ने अपने सीजन का दूसरा ओरिजिनल ट्रैक 'सजना मेरा' लॉन्च किया है। नीति मोहन, पैंथर और रवटोर के इस खास फ्यूजन ट्रैक में मेलोडी और हिप-हॉप का अनोखा संगम देखने को मिलता है। यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप के सहयोग से तैयार यह गाना सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। 'सजना मेरा' आज की पीढ़ी के सच्चे, बेबाक और भावनाओं से भरे रिश्तों को दर्शाता है। इस गीत के ज़रिए कलाकारों ने संगीत प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव देने की कोशिश की है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ब्रांड के विज़न को साकार करते हुए हिप-हॉप और बॉलीवुड संगीत का शानदार मेल पेश कर रहा है। जल्द ही अरमान मलिक और इक्का के साथ अगला ट्रैक 'मेबे' भी रिलीज़ होगा।

# छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है एनईपी: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं और नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करके छात्रों के समग्र और बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मोदी ने एनईपी के पांच साल पूरे होने पर एक संदेश में कहा कि शिक्षा मंत्रालय मंगलवार को अखिल भारतीय शिक्षा समागम (एबीएसएस) का आयोजन कर रहा है और कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में नयी पहल शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा, ''शिक्षा वह माध्यम



है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर और राष्ट्र को सशक्त बनाती है। हमारा उद्देश्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है, जिसमें विद्यार्थी अपनी रुचि, क्षमता और सपनों के अनुरूप आगे बढ़ सकें। आज देश गौरवशाली भारतीय संस्कृति से जुड़ी शिक्षा को तकनीक और वैश्विक मानकों से सुसज्जित कर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।'' मोदी ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव हुए हैं। चाहे वह मातृभाषा में शिक्षा हो, स्कूली शिक्षा को मजबूत करना हो या कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देना हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करके छात्रों के समग्र और बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल में भारत एक भव्य और विकसित देश के निर्माण की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## असम में छह करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को बताया कि राज्य के कछार जिले में छह करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की याबा टैबलेट जब्त की गई हैं और इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कछार पुलिस ने मादक पदार्थ निरोधक अभियान में छह करोड़ रुपये मूल्य की 20,000 याबा टैबलेट जब्त की हैं। इस संबंध में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''मादक पदार्थ के खतरे के खिलाफ असम पुलिस की एक और कड़ी कार्रवाई।'' शर्मा ने कहा कि इस मामले के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी गई हैं। याबा भारत में अवैध है क्योंकि इसमें मेथामफेटामीन (नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची खख का पदार्थ) और कैफीन होता है।

## अदालत उदयपुर फाइल्स की रिलीज को मंजूरी देने के खिलाफ याचिकाओं पर 30 जुलाई को सुनवाई करेगी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह फिल्म ''उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल टेलर मर्डर'' को रिलीज करने की केंद्र की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 30 जुलाई को सुनवाई करेगा। अदालत को यह भी बताया गया कि फिल्म के निर्माताओं द्वारा फिल्म के पुन: प्रमाणन के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) में एक आवेदन किया गया है और इस पर शीघ्र ही विचार किए जाने की संभावना है। मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने एक याचिकाकर्ता की ओर से स्थगन का अनुरोध किये जाने के बाद याचिकाओं को बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में अदालत ने अमानतुल्लाह और अन्य के खिलाफ आरोप तय किये

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितताओं के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान और 10 अन्य के खिलाफ सोमवार को आरोप तय करते हुए कहा कि उनके खिलाफ साजिश का 'प्रबल संदेह' और ''प्रथम दृष्टया सबूत'' हैं। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने खान और दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन मुख्य कार्यकारी अधिकारी महबूब आलम के खिलाफ लोक सेवक के तौर आपराधिक षड्यंत्र और आपराधिक कदाचार के आरोप तय किए। न्यायाधीश ने नौ अन्य आरोपियों हामिद अख्तर, किफायतुल्लाह खान, रफीउद्दीन खान, इमरान अली,



मोहम्मद अहरार, अकीब जावेद, अजहर खान, जाकिर खान और अब्दुल मन्नार के खिलाफ लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार के साथ आपराधिक षड्यंत्र के आरोप तय किए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2016 में प्राथमिकी दर्ज की थी और आरोप लगाया था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खान ने भ्रष्ट और अवैध तरीके से आलम को बोर्ड का सीईओ नियुक्त करवाया था।

# सर्जरी का सीधा प्रसारण केवल शैक्षणिक उद्देश्यों से हो न कि व्यावसायिक हित साधने के लिए: एनएमसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने निर्देश दिया है कि सर्जरी का सीधा प्रसारण ऑपरेशन करने वाले सर्जन, अस्पताल या उत्पाद ब्रांड के प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए और ऐसा करने से पहले मरीज की सहमति अवश्य ली जानी चाहिए। एनएमसी ने सर्जरी के सीधे प्रसारण को विनियमित करने के लिए इस सप्ताह विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये। इसके मुताबिक शल्य चिकित्सकों को ऑपरेशन के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरणों से वित्तीय या व्यावसायिक हित नहीं साधना चाहिए। दिशानिर्देशों के मुताबिक, ''सीधे प्रसारण का उद्देश्य केवल शैक्षिक होना चाहिए, न कि व्यावसायिक लाभ या प्रचार के लिए। शल्य चिकित्सकों को महिमामंडन से बचना चाहिए, तथा उनका ध्यान शल्य चिकित्सा तकनीकों और रोगी देखभाल पर होना चाहिए।'' इसमें रेखांकित किया गया कि सीधे प्रसारण से जुड़ी जटिलताओं और जोखिमों को कड़े नियमों और बीमा कवरेज के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए। एनएमसी ने कहा कि हालांकि सर्जरी का सीधा प्रसारण शिक्षाप्रद हो सकता है, लेकिन यह संवादात्मक या व्यावहारिक प्रशिक्षण के समान गहन शिक्षा प्रदान नहीं कर सकती है।

# इंदौर में 100 करोड़ रुपये के फर्जी रजिस्ट्री कांड का खुलासा, प्राथमिकी दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में 100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार वाले फर्जी रजिस्ट्री कांड के खुलासे के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी है जिसमें राज्य सरकार के पंजीयन विभाग और इंदौर नगर निगम के कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दीशेष अग्रवाल ने बताया कि पंजीयन विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर पंढरीनाथ थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत रविवार देर रात मामला दर्ज किया गया। अग्रवाल ने बताया, ''पंजीयन विभाग के रिकॉर्ड रूम में कई संदिग्ध दस्तावेज मिलने के बाद जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। इस समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। सबूतों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। मामले की जांच से जुड़े एक अन्य अधिकारी ने बताया कि फर्जी रजिस्ट्री कांड में कुछ स्थानीय नागरिकों के साथ ही पंजीयन विभाग और नगर निगम के कर्मचारी भी संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन विभाग के रिकॉर्ड रूम में अलग-अलग संपत्तियों के पंजीयन के ऐसे दस्तावेज मिले हैं जो इनके वास्तविक क्रेता-विक्रेताओं के ब्योरे से मेल नहीं खा रहे हैं और सरकारी रजिस्टर में संबंधित विक्रेताओं के अंगूठों की छाप भी दर्ज नहीं है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले के तहत कुल 18 संपत्तियों के संदिग्ध दस्तावेजों की जांच की जा रही है जिनमें आवासीय और वाणिज्यिक जमीनों व मकानों के साथ ही कृषि भूमियां भी शामिल हैं। अधिकारी के मुताबिक, स्थानीय बाजार में प्रचलित वर्तमान दरों के मुताबिक इन 18 संपत्तियों की कुल कीमत 100 करोड़ रुपये के आस-पास आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि इन संपत्तियों के संदिग्ध दस्तावेज वर्ष 1959 से लेकर 2000 के बीच के हैं। अधिकारी ने बताया कि फर्जी रजिस्ट्री कांड की विस्तृत जांच की जा रही है।

# नकदी बरामदगी मामला: न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से उनकी याचिका को लेकर सवाल किए

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से उनकी उस याचिका को लेकर सवाल किए जिसमें उन्होंने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को अमान्य करार दिए जाने का अनुरोध किया है। आंतरिक जांच समिति ने नकदी बरामदगी विवाद में वर्मा को कदाचार का दोषी पाया था। जब वर्मा मार्च में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे तो उनके सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी मिली थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने वर्मा की पैरवी करने वाले वकील



कपिल सिब्बल से पूछा, वह (वर्मा) जांच समिति के सामने क्यों पेश हुए? क्या आप अदालत इसलिए आए थे कि वीडियो हटा दिया जाए? आपने जांच पूरी होने और रिपोर्ट जारी होने का इंतज़ार क्यों किया? क्या आप समिति के पास यह सोचकर गए, कि शायद आपके पक्ष में फैसला आ जाए?'' न्यायालय ने न्यायमूर्ति वर्मा से उनकी याचिका में बनाए गए पक्षकारों को लेकर सवाल किए और कहा कि उन्हें उनकी याचिका के साथ आंतरिक जांच रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए थी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष कहा कि अनुच्छेद 124 (उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन) के तहत एक प्रक्रिया है और किसी न्यायाधीश के बारे में सार्वजनिक तौर पर बहस नहीं की जा सकती है। सिब्बल ने कहा, ''संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर वीडियो जारी करना, सार्वजनिक टीका टिप्पणी और मीडिया द्वारा न्यायाधीशों पर आरोप लगाना प्रतिबंधित है। न्यायालय ने सिब्बल से कहा कि वह एक पन्ने पर 'बुलेट प्वाइंट' में लिख कर लाएं और वर्मा की याचिका में पक्षकार बनाए गए लोगों के ज्ञापन को सही करें। न्यायालय अब इस मामले पर 30 जुलाई को सुनवाई करेगी। वर्मा ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा आठ मई को की गई उस सिफारिश को भी रद्द किए जाने का अनुरोध किया था, जिसमें उन्होंने (खन्ना) संसद से उनके (वर्मा) खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया था।

## मणिपुर के पांच पहाड़ी जिलों से 155 आग्नेयास्त्र बरामद

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने पिछले कुछ दिनों में पहाड़ी जिलों चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल, तेंगनौपाल और चंदेल में चलाए गए कई अभियानों के दौरान 155 आग्नेयास्त्र और 1,652 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), असम राइफल्स और सेना की संयुक्त टीमों द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में ये हथियार बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, बरामद किए गए हथियारों में एके सीरीज की आठ राइफल, दो इंसास राइफल, चार कार्बाइन, एक एसएलआर, नौ एमएम की आठ पिस्तौल, 12 बोर की 14 बंदूक, सिंगल बोर की 21 बंदूक, 14 देशी पिस्तौल और अन्य राइफल शामिल हैं।

# दिव्या देशमुख ने महिला विश्व कप फाइनल में हम्पी को हराया, ग्रैंडमास्टर बनीं

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्या को फिडे महिला विश्व कप चैंपियन बनने पर बधाई दी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप चैंपियन बनने पर बधाई देते हुए कहा कि यह दो उत्कृष्ट भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी वाला एक ऐतिहासिक फाइनल था। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक फाइनल।फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने वाली युवा दिव्या देशमुख पर गर्व है। उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह कई युवाओं को प्रेरित करेगा।'



**बातुमी (जॉर्जिया):** भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए सोमवार को यहां हमवतन और अपने से कहीं अधिक अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब जीता। इस जीत से 19 साल की दिव्या ने ना सिर्फ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता बल्कि साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गईं जो टूर्नामेंट की शुरुआत में असंभव लग रहा था। वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला और कुल 88वीं खिलाड़ी हैं। नागपुर की इस खिलाड़ी ने शनिवार और रविवार को खेले गए दो क्लासिकल मुकाबलों के ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। दो क्लासिकल बाजी ड्रॉ होने के बाद टाईब्रेकर का पहला समूह निर्णायक साबित हुआ जिसमें हम्पी ने अपना संयम खो दिया। विश्व कप और महिला विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर हम्पी ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में सब कुछ जीता है लेकिन किस्मत या फिर अपने धैर्य के कारण विश्व कप खिताब जीतने में नाकाम रही हैं। दिव्या ने सोमवार को दृढ़ निश्चय दिखाया और इस जज्बे का बोनस ग्रैंडमास्टर खिताब था जो इस प्रतियोगिता के चैंपियन के लिए आरक्षित था। सोमवार को समय नियंत्रित टाईब्रेकर की पहली बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने हम्पी को फिर से ड्रॉ पर रोका लेकिन दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन को हराकर जीत दर्ज की। दिव्या अब हम्पी, डी हरिका और आर वैशाली के साथ देश की ग्रैंडमास्टर बनने वाली महिलाओं की सूची में शामिल हो गई हैं। हम्पी 38 साल की हैं और 2002 में ग्रैंडमास्टर बनीं जबकि दिव्या का जन्म 2005 में हुआ। दिव्या ऊर्जा से भरी थीं और उन्होंने शुरुआती टाईब्रेकर में हम्पी पर दबाव बनाए रखा और अपनी दिग्गज प्रतिद्वंद्वी को थका दिया और फिर दूसरे टाईब्रेकर में जीत दर्ज की। पेट्रॉफ डिफेंस का इस्तेमाल करते हुए दिव्या ने हम्पी को पहली टाईब्रेक बाजी में बेहतर स्थिति में होने का मौका दे दिया था। हम्पी ने हालांकि समय के दबाव में गलती की और जल्द ही वह ऐसी स्थिति में पहुंच गईं जहां उनके पास दिव्या की रानी के खिलाफ एक रूक (हाथी), बिशप (ऊंट) और एक पॉन (प्यादा) था। हालांकि स्थिति लगभग बराबरी की रही और अंत में हम्पी ने आसानी से ड्रॉ कर लिया। दूसरी बाजी में हम्पी ने कैटलन ओपनिंग का इस्तेमाल किया और दिव्या फिर से अच्छी तरह तैयार थीं।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व कप में सफलता के लिए दिव्या देशमुख को बधाई दी

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को जॉर्जिया में फिडे महिला विश्व कप जीतने पर बधाई दी और कहा कि इस युवा खिलाड़ी की उपलब्धि देश में प्रतिभा की प्रचुरता को दर्शाती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, 'दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं और वह भी 19 साल की छोटी उम्र में।' उन्होंने लिखा, 'कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं। शतरंज विश्व चैंपियनशिप के दोनों फाइनलिस्ट भारत से थे। यह हमारे देश में, विशेषकर महिलाओं में प्रतिभा की प्रचुरता को दर्शाता है।'

## मुझे लगता हम यह दिखाने में सफल रहे कि हम महान टीम क्यों है: गिल



**मैनचेस्टर:** भारतीय कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन ऐतिहासिक प्रदर्शन से हार टालने का विश्वास लोकेश राहुल के साथ उनकी साझेदारी से उपजा है और टीम ने ऐसा करके यह जता दिया वे 'महान टीम' क्यों है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 311 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना कोई रन बनाये दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन गिल, रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम को हार से बचाया। इस परिणाम से भारत के पास अब पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी करने का मौका होगा। गिल ने बीसी-सीआई डॉट टीवी से कहा, '140 ओवर तक एक ही मानसिकता बनाए रखना बहुत चुनौतीपूर्ण है। एक अच्छी टीम और एक महान टीम में यही अंतर होता है। मुझे लगता है कि हमने आज यह दिखाया कि हम एक महान टीम हैं।' उन्होंने कहा, 'शून्य रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुझे लगता है कि मेरे और केएल (राहुल) भाई के बीच की साझेदारी ने उम्मीद जगा दी थी कि हम इस काम को कर सकते हैं। मैं बेहद, बेहद खुश हूं। जिस स्थिति में हम कल थे, वहां से ड्रॉ हासिल कर पाना बेहद संतोषजनक है।'

### गंभीर ने गिल के आलोचकों को लताड़ा, कहा आम आदमी के लिए खेलती है भारतीय टीम

**मैनचेस्टर:** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में भारत के संघर्षपूर्ण ड्रॉ ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के अंदर के जुझारू व्यक्तित्व को फिर से सामने ला दिया है जिन्होंने कप्तान शुभमन गिल के आलोचकों को लताड़ लगाते हुए कहा कि भारतीय टीम स्वदेश के आम आदमी के लिए खेलती है। गंभीर चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी अतीत के नक्शेकदम पर चलने के बजाय अपना इतिहास खुद बनाएं। उन्होंने कहा कि मैनचेस्टर टेस्ट में यादगार वापसी के बाद, वे इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गंभीर ने रविवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'वे अपने देश के आम आदमी के लिए जूझना चाहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस टेस्ट मैच में कई लोगों ने हमारी हार सुनिश्चित मान ली थी लेकिन हमने शानदार वापसी की। यही इस टीम की नींव है।' मुख्य कोच ने कहा, 'ये ऐसे लोग हैं जो इस ड्रेसिंग रूम में बैठे हैं और देश के लिए लड़ना चाहते हैं और वे आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे।' कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बीच 188 रन की साझेदारी ने भारत को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में बनाए रखा।

## रोमानिया की क्लब के साथ करार करने के बाद हर्षिका का लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना



**मुंबई :** रोमानिया की शीर्ष फुटबॉल लीग की टीम सीएस एथलेटिक ओलम्पिया घेरला के साथ करार हासिल करने वाली 22 साल की हर्षिका जैन ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय टीम के लिए खेलने का है। इंडियन विमेंस लीग में गोकुलम केरल के लिए खेल चुकीं मुंबई की हर्षिका, रोमानिया की शीर्ष लीग में खेलने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी होंगी। वह यूरोप में खेलकर अपने कौशल का सुधार करना चाहती हैं। अपने नए क्लब के साथ प्रशिक्षण शुरू कर चुकीं हर्षिका ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'मेरी महत्वाकांक्षा निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना। मैं अपने सीने पर भारतीय ध्वज को देखना चाहती हूं। यही हमेशा से मेरा सपना और लक्ष्य रहा है।' हर्षिका ने कहा, 'मेरा सपना अपने क्लब के साथ चैंपियनशिप जीतना और फिर चैंपियंस लीग में जगह बनाना है।'

## भारत को अब भी आदर्श एकादश की तलाश, शार्दुल और कंबोज हो सकते हैं बाहर

**मैनचेस्टर:** इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में यादगार ड्रॉ हासिल करने के बावजूद भारत तीन दिन बाद ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम मैच से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश, खासकर सही गेंदबाजी संयोजन की तलाश में है। भारत ने श्रृंखला के दौरान किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की बजाय आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करने को प्राथमिकता दी जिस पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, खासकर तब जब चोटिल नीतीश रेड्डी की जगह खेल रहे शार्दुल ठाकुर से ओल्ड ट्रैफर्ड में केवल 11 ओवर करवाए गए। लेकिन भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 2014 के बाद पहली बार 600 से अधिक रन दिए, इसलिए पिछले 40 दिन से बेंच पर बैठे हुए कुलदीप यादव जैसे विकेट लेने वाले गेंदबाज को टीम में शामिल करने का मामला पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गया है। अंशुल कंबोज का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण अच्छा नहीं रहा और उनकी जगह पूरी तरह से फिट आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का सपना देख रहे होंगे।

## ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान में काफा नेशंस कप खेल सकता है भारत

**नयी दिल्ली :** भारतीय फुटबॉल टीम ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान में 28 अगस्त से आठ सितंबर के बीच काफा नेशंस कप खेल सकती है चूंकि मलेशिया के विकल्प के तौर पर मध्य एशियाई फुटबॉल संघ ने भारत को खेलने का न्योता दिया है । आठ टीमों के टूर्नामेंट से मलेशिया ने खिलाड़ियों की उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स का हवाला देकर 15 जुलाई को नाम वापिस ले लिया था । यह टूर्नामेंट फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं पड़ता जो एक से नौ सितंबर के बीच है । ओमान को भी इसमें भाग लेने के लिये न्योता मिला है । टूर्नामेंट का पहला सत्र 2023 में हुआ था जिसमें ईरान विजयी रहा था । समझा जाता है कि एआईएफएफ ने न्योता स्वीकार कर लिया है लेकिन आयोजकों की ओर से अंतिम पुष्टि का इंतजार है । एआईएफएफ के एक अधिकारी ने कहा ,'' अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम इंतजार कर रहे हैं । अगर भारत खेलता है तो नये मुख्य कोच के साथ यह पहला टूर्नामेंट होगा । नये कोच की नियुक्ति एक अगस्त को होने वाली है। इस टूर्नामेंट में ईरान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, किर्गीस्तान और तुर्कमेनिस्तान भाग ले रहे हैं ।

## एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर हस्तक्षेप खेल मंत्रालय के दायरे से बाहर



**नयी दिल्ली:** अगले महीने होने वाले एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर शुरू होने वाली है, लेकिन इस टूर्नामेंट की घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना हो रही है और एक सवाल खड़ा हो गया है कि क्या खेल मंत्रालय इस मामले में हस्तक्षेप कर सकता है? जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में अप्रैल में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या किए जाने के बाद लोगों की भावनाएं अब भी उफान पर हैं। इस भीषण आतंकवादी घटना के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव भी हुआ था। इन घटनाओं के कुछ महीनों बाद अब दोनों देशों की क्रिकेट टीमें एशिया कप में भिड़ेंगी। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने 'पीटीआई' को बताया, ''बीसीसीआई मौजूदा समय में खेल मंत्रालय के दायरे में नहीं आता है क्योंकि राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक अभी पारित होना बाकी है। इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करना मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। लेकिन हम देखेंगे कि बीसीसीआई जनभावना पर कैसे प्रतिक्रिया देता है।' रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक के रूप में सेवाएं दे चुके लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केजेएस ढिल्लों ने पाकिस्तान के साथ किसी भी क्रिकेट संबंध के बहिष्कार का आह्वान किया है।

# समाज्ञा व्यापार

## डिजिटल भुगतान इस साल मार्च तक 10.7 प्रतिशत बढ़ा: आरबीआई



**मुंबई:** देश में इस साल मार्च तक डिजिटल भुगतान में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऑनलाइन लेनदेन को मापने वाले आरबीआई के सूचकांक से यह जानकारी मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एक जनवरी, 2021 से डिजिटल भुगतान सूचकांक (आरबीआई-डीपीआई) प्रकाशित कर रहा है। इसमें देश भर में भुगतान के डिजिटलीकरण की सीमा को दर्शाने के लिए मार्च, 2018 को आधार वर्ष माना गया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि मार्च, 2025 के लिए सूचकांक 493.22 है, जबकि सितंबर, 2024 में यह 465.33 और मार्च, 2024 में 445.5 था। छमाही आंकड़ों के अनुसार, 'आरबीआई-डिजिटल भुगतान सूचकांक बढ़ने का कारण देशभर में भुगतान बुनियादी ढांचा... आपूर्ति-पक्ष कारक और भुगतान प्रदर्शन जैसे मापदंडों में उल्लेखनीय वृद्धि है।' आरबीआई-डिजिटल भुगतान मंच में पांच व्यापक मानदंड शामिल हैं जो विभिन्न समय अवधि में देश में डिजिटल भुगतान की गहनता और पहुंच को मापने को सक्षम बनाते हैं।

## सरकार भारत-ब्रिटेन एफटीए पर 1,000 हितधारक बैठकें, कार्यशालाएं आयोजित करेगी



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर रुख के साथ वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। हालांकि, कर्ज वृद्धि में सुस्ती जरूर चिंता का विषय है। मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में घरेलू आपूर्ति और मांग की बुनियाद मजबूत दिखाई दे रहे हैं। मुद्रास्फीति लक्ष्य के दायरे में रहने और मानसून में अच्छी प्रगति के साथ घरेलू अर्थव्यवस्था अपे-क्षाकृत मजबूती के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में प्रवेश की है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव और नहीं बढ़ा है, लेकिन वैश्विक नरमी, विशेष रूप से अमेरिका में कमजोर आर्थिक वृद्धि दर भारतीय निर्यात की मांग को और कम कर सकती है। अमेरिकी की आर्थिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में 0.5 प्रतिशत घटी है। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, ''अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर जारी अनिश्चितता आने वाली तिमाहियों में भारत के व्यापार प्रदर्शन पर भारी पड़ सकती है। धीमी ऋण वृद्धि और निजी निवेश आर्थिक गति में तेजी को सीमित कर सकता है।'' इसके अलावा, थोक मूल्य सूचकांक में गिरावट के रुख को देखते हुए, बाजार मूल्य पर आर्थिक गति पर गौर करने की जरूरत होगी। स्थिर मूल्य पर आर्थिक गतिविधियां वास्तविकता से कहीं अधिक बेहतर दिखाई दे सकती हैं।

## ब्रिटेन के साथ एफटीए से पहले साल भारत को होगा 4,060 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान

**नयी दिल्ली:** ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पहले साल में भारत को 4,060 करोड़ रुपये के सीमा शुल्क राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है क्योंकि विभिन्न वस्तुओं पर शुल्क कम या समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) की सोमवार को जारी गणना ब्रिटेन से वर्तमान आयात आंकड़ों पर आधारित है। इसमें कहा गया कि 10वें वर्ष तक, जैसे-जैसे शुल्क उन्मूलन चरणबद्ध तरीके से व्यापक रूप से लागू होगा वित्त वर्ष 2024-25 के व्यापार की मात्रा के आधार पर वार्षिक घाटा बढ़कर 6,345 करोड़ रुपये या लगभग 57.4 करोड़ ब्रिटिश पाउंड तक पहुंचने का अनुमान है। जीटीआरआई ने कहा कि 24 जुलाई को हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के सीमा शुल्क राजस्व में कमी आएगी, क्योंकि विभिन्न वस्तुओं पर शुल्क कम या समाप्त कर दिया गया है। भारत ने 2024-25 में ब्रिटेन से 8.6 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया। इन आयात में औद्योगिक उत्पादों का बड़ा हिस्सा शामिल है और इनपर 9.2 प्रतिशत का भारित औसत शुल्क था। व्हिस्की व जिन जैसी वस्तुओं को छोड़कर अधिकतर कृषि उत्पादों जिनपर 64.3 प्रतिशत का औसत शुल्क लगता है उसे शुल्क कटौती से बाहर रखा गया है। इसमें कहा गया है कि भारत ने ब्रिटेन से आयातित वस्तुओं के मूल्य के 64 प्रतिशत पर शुल्क को लागू होते ही तुरंत समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। कुल मिलाकर, भारत 85 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों पर शुल्क समाप्त कर देगा और पांच प्रतिशत शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों पर इसे कम करेगा।



### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जून में सुस्त पड़कर 1.5 प्रतिशत पर, 10 महीने का निचला स्तर

**नयी दिल्ली:** खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि इस साल जून महीने में सुस्त पड़कर 10 महीने के निचले स्तर 1.5 प्रतिशत पर रही। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जून महीने में अत्यधिक बारिश से खनन और बिजली क्षेत्र की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, जिसका असर औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि पर पड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन बीते साल जून में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने मई के औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 1.9 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

## टीसीएस में छंटनी पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नजर

■ **कर्मचारी संगठन ने श्रम मंत्री को पत्र लिखा**

**नयी दिल्ली:** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी किए जाने की घोषणा के बाद की स्थिति पर करीबी निगाह रखी हुई है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय टीसीएस छंटनी मामले में पूरी स्थिति पर करीबी निगाह बनाए हुए है और लगातार कंपनी के संपर्क में है। सूत्रों के मुताबिक, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस घटनाक्रम को लेकर चिंतित है और इस फैसले के पीछे की असली वजह को समझने के लिए इसकी पड़ताल करेगा। सरकार का यह रुख इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने इस साल 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की घो-षणा की है जो उसके कुल वैश्विक कार्यबल का दो प्रतिशत है। इस कदम का सबसे ज़्यादा असर मध्यम और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों पर पड़ेगा। इस घोषणा के बाद टीसीएस के शेयर का भाव बीएसई पर 1.76 प्रतिशत गिरकर 3,079.05 रुपये पर आ गया। इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संगठन ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर टीसीएस प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगने का अनुरोध किया है। 'नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्न-ोलॉजी एम्प्लॉईज सीनेट' (एनआईटीईएस) ने 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के फैसले को अनैतिक, अमानवीय और पूरी तरह से अवैध करार दिया है।




## न्यूज अपडेट

### सोने में लगातार चौथे दिन गिरावट, 500 रुपये टूटा; चांदी 1,000 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली:** अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के बाद सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की मांग कम हो गई। इससे स्टॉकिस्ट की लगातार बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और यह 500 रुपये की गिरावट के साथ 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना शनिवार को 600 रुपये की गिरावट के साथ 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को यह 500 रुपये टूटकर 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये घटकर 1,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुईं। शनिवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवाई, 18 पैसे टूटकर 86.70 प्रति डॉलर पर

मुंबई, 28 जुलाई (भाषा) रुपया सोमवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 86.70 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की मासांत की डॉलर मांग जारी रहने से अमेरिकी मुद्रा में मजबूती रुपये में गिरावट का मुख्य कारण है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार करते हुए निवेशक सतर्कता के साथ कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को और प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति के फैसलों से पहले भी निवेशक सतर्क रहे।

### शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट; सेंसेक्स 572 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। बीएसई सेंसेक्स जहां 572 अंक लुढ़क गया, वहीं एनएसई निफ्टी 156 अंक के नुकसान में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चतता के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 686.65 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 156.10 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,680.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर नुकसान में जबकि 15 बढ़त में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, निराशाजनक तिमाही नतीजों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली से शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। इस दौरान निफ्टी दो प्रतिशत यानी 539 अंक से ज्यादा लुढ़क गया, जबकि सेंसेक्स 1,835 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग दो महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 4,472 करोड़ रुपये रहा है। प्रतिकूल वृहद आर्थिक परिस्थितियों के कारण खुदरा वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो पर दबाव का संकेत है। इससे कंपनी के शेयर में बड़ी गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

वर्ष 10, पूर्णांक 3311 अंक 121, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in